Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 138 | शनिवार, 23 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सपैठ पर अमित शाह का 'जीरो टॉलरेंस'

### बीएसएफ को मिला आदेश, एक-एक घुसपैठिए की होगी पहचान

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा पार घुसपैठ के प्रति शून्य-सहिष्णुता नीति की घोषणा की और बताया कि सरकार भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने और सभी अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक व्यापक स्मार्ट बॉर्डर परियोजना इसी वर्ष शुरू करेगी। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शपथ ग्रहण समारोह 2026 में बोलते हुए शाह ने कहा कि अवैध प्रवासन कृत्रिम जनसांख्यिकीय परिवर्तन लाने के उद्देश्य से रची गई एक सुनियोजित साजिश है।

शाह ने इस बात पर जोर दिया कि देश की जनसांख्यिकी की रक्षा के लिए सरकार हर अवैध घुसपैठिए की पहचान करके उसे निर्वासित करने का इरादा रखती है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गृह मंत्रालय भारत की 6,000 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर अभेद्य सुरक्षा घेरा स्थापित करेगा। शाह ने कहा कि अगले वर्ष के भीतर, स्मार्ट बॉर्डर अवधारणा के



तहत, हम बीएसएफ को ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस करेंगे।

गृह मंत्री ने बीएसएफ से आग्रह किया कि वह राज्य पुलिस, जिला कलेक्टरों और ग्राम पटवारियों के साथ समन्वय स्थापित करके घुसपैठ और पशु तस्करी को रोकने के लिए अपने खुफिया नेटवर्क को भौतिक सीमाओं से परे विस्तारित करे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा की सरकारों के साथ नीतिगत तालमेल से इस सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी और गृह मंत्रालय जल्द ही इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेगा।

वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन के प्रयासों से तुलना करते हुए शाह ने कहा कि किसी समस्या को नियंत्रित करना सुरक्षा नहीं है; उसे जड़ से उखाड़ फेंकना ही सच्चा तरीका है। बीएसएफ को अब घुसपैठ के खिलाफ उसी दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने अग्रिम पंक्ति के कर्मियों के समर्थन के लिए आगामी उच्च-स्तरीय जनसांख्यिकी मिशन के शुभारंभ की भी घोषणा की। बीएसएफ के समर्पण को सलाम करते हुए शाह ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही बीएसएफ ने पूरे देश को पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया है, जिससे देश चिंतामुक्त रहा है।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गौरव की बात है कि 1965 में मात्र 25 बटालियनों से शुरू हुआ यह बल आज 270,000 कर्मियों से युक्त बल बन गया है, जो इसे विश्व का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल बनाता है। देश की दो सबसे कठिन और संवेदनशील सीमाओं का प्रबंधन करते हुए बीएसएफ ने कभी पीछे नहीं हटी। चाहे कितनी भी चुनौतियाँ आई हों, शत्रु को परास्त होना पड़ा; आपने कभी भारत का सिर नहीं झुकने दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा की भव्य संरचना आपके अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदानों पर दृढ़ता से टिकी है।

## 'ट्रेंड से सीखना चाहिए', कॉकरोच जनता पार्टी के बहाने थरूर ने विपक्षी दलों को ही दी नसीहत

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर लोकप्रिय प्लेटफॉर्म कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक किए जाने के बाद देश में एक नई बहस छिड़ गई है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस कार्रवाई पर कड़ा ऐतराज जताया है। थरूर ने अकाउंट को ब्लॉक किए जाने के फैसले को विनाशकारी और बेहद नासमझी भरा करार देते हुए कहा कि युवाओं को अपनी बात रखने के लिए मंच मिलना



ही चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बताया कि वह कॉकरोच जनता पार्टी की अचानक और जबरदस्त लोकप्रियता देखकर काफी उत्सुक हैं। इस प्लेटफॉर्म के इंस्टाग्राम पर महज पांच दिनों के भीतर 1.9 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हो चुके हैं। भारत में कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट को बुधवार को कानूनी मांग के बाद ब्लॉक कर दिया गया था, जिसके दो लाख से अधिक फॉलोअर्स थे। जिसपर शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, 'मैं #CockroachJantaParty के उभार से बेहद उत्सुक हूं, जिसने महज पांच दिनों में इंस्टाग्राम पर 15 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हासिल कर लिए हैं।'

## बकरीद से पहले दिल्ली सरकार की सख्त चेतावनी

### प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी और खुले में कचरा फेंकने पर दर्ज होगी एफआईआर, जारी हुई गाइडलाइंस



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** आगामी बकरीद (ईद-उल-अजहा) के त्योहार को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था, स्वच्छता और सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए बेहद कड़े निर्देश जारी किए हैं। चांद दिखने के आधार पर इस बार बकरीद का त्योहार 27 मई को मनाए जाने की उम्मीद है। त्योहार से पहले दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने स्पष्ट कर दिया है कि जानवरों की अवैध कुबार्नी देने या नियमों का उल्लंघन कर कचरा फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सीधे आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे।

मंत्री ने साफ किया कि दिल्ली में मवेशियों, गायों, बछड़ों, ऊंटों या किसी भी प्रतिबंधित प्रजाति की कुबार्नी देना एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा, 'दिल्ली सरकार के विकास मंत्रालय ने बकरीद के आने वाले त्योहार के लिए कुछ निर्देश जारी किए हैं। बकरीद के मौके पर, दिल्ली में मवेशियों, गायों, बछड़ों, ऊंटों और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी देना पूरी तरह से अवैध है, और ऐसा करने वाले या ऐसा करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा, और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'

### सार्वजनिक कुबार्नी या बिना इजाजत जानवरों के बाजार नहीं

मिश्रा ने जोर देकर कहा कि खुले इलाकों, सड़कों या रिहायशी इलाकों में जानवरों की कुबार्नी देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों पर या अस्थायी सड़क बाजारों में जानवरों की बिना इजाजत खरीद-बिक्री भी प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, सार्वजनिक जगहों पर जानवरों की कुबार्नी देना भी पूरी तरह से प्रतिबंधित है, और ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, बाजारों में जानवरों की अवैध खरीद-बिक्री करना, सड़कों और गलियों में बाजार लगाना, और जानवरों को खरीदना-बेचना भी पूरी तरह से अवैध है और इसकी इजाजत नहीं है।'

### कचरे और खून के निपटान पर सख्त नियम

मंत्री ने सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों को रोकने के लिए साफ-सफाई के उपायों पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने नालियों में खून बहाने या जानवरों के अवशेषों को सीवर में फेंकने के खिलाफ चेतावनी दी।

मिश्रा ने कहा, 'इसके अलावा, कुबार्नी के बाद नालियों, सीवर या सड़कों पर खून बहाना, या कचरे को सीवर या नालियों में फेंकना भी सख्त मना है। कुबार्नी केवल तय जगहों पर और केवल उन अधिकृत जगहों पर ही की जानी चाहिए जहाँ इसकी इजाजत हो।'

### लोगों से उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अपील

अधिकारियों ने निवासियों से सतर्क रहने और अगर वे गाइडलाइंस के किसी भी उल्लंघन को देखें तो पुलिस या विकास विभाग को सूचित करने की अपील की है। मंत्री ने कहा, 'अगर आपको कोई भी व्यक्ति इन गाइडलाइंस का उल्लंघन करते हुए दिखे, तो आप उसकी रिपोर्ट पुलिस और दिल्ली सरकार के विकास विभाग को कर सकते हैं।'




**Agra Zone:** Agra, Mathura, Firozabad, Mainpuri. **(Anil Devnani - 9152809075)**
**Bareilly Zone:** Bareilly, Budaun, Pilibhit, Shahjahanpur. **(Deepak Singh - 8923365454)**
**Meerut Zone:** Meerut, Baghpat, Bulandshahr, Gautam Buddha Nagar (Noida), Ghaziabad, Hapur. **(Anuj Gupta - 9548285247)**
**Kanpur Zone:** Kanpur, Etawah, Farrukhabad, Kannauj, Auraiya, Kanpur Dehat. **(Ehatshamuddin - 8318071391)**
**Lucknow Zone:** Lucknow, Hardoi, Lakhimpur Kheri, Raebareli, Sitapur, Unnao. **(Prem Pandey - 8009212363)**
**Prayagraj Zone:** Prayagraj, Fatehpur, Kaushambi, Pratapgarh. **(Prasoon Chaurasia - 9369417110)**
**Varanasi Zone:** Varanasi, Chandauli, Ghazipur, Jaunpur **(Manoj Kumar Yadav - 9721450046)**
**Gorakhpur Zone:** Gorakhpur, Kushinagar, Maharajganj, Deoria. **(Akashmani Tripathi - 9936888366)**

## संपादक की कलम से

# भारत में छह दशकों में हीटवेव में 2.5 दिनों की वृद्धि हुई



ललित शर्मा
संपादक

मई गर्मी के कारण चारों ओर लोग त्राहिमाम्‌ पुकार उठे हैं। ऐसा लग रहा है मानो आसमान से आग बरस रही हो। हाल के समय में भारत की स्थिति सबसे अधिक खराब है। रियल टाइम ग्लोबल टेम्परेचर रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 100 सबसे गर्म शहरों में से 98 शहर भारत के हैं। इसी प्रकार एक्यूआई डॉट इन की लाइव रैंकिंग में तो सभी 100 शहर भारत के ही बताए गए हैं। अनेक शहरों में तापमान 45 डिग्री से ऊपर और 48 डिग्री तक पहुंच रहा है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों, महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र, राजस्थान, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में गर्मी के कारण स्थिति अत्यंत भयावह हो गई है। हाल ही में प्रकाशित 'नेचर' पत्रिका की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि पिछले दो दशकों में भारत में हीटवेव की तीव्रता और अवधि दोनों बढ़ गई हैं। इसके अलावा गर्मी के हॉटस्पॉट अब नए-नए क्षेत्रों में फैल रहे हैं और अल नीनो जैसी घटनाएं वातावरण को और खराब कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि विभिन्न कारणों से अब हर वर्ष अप्रैल माह शुरू होते ही भीषण गर्मी पड़ने लगती है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में हीटवेव की जो समस्या बढ़ रही है, वह अत्यंत खतरनाक है। 1961 से 2021 तक की गर्मी के औसत को देखें तो हीटवेव में 2.5 दिनों की वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि जिस प्रकार भारत में गर्मी बढ़ रही है, उसके कारण इस सदी के अंत तक हीटवेव में 18 दिनों तक की वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा अधिकतम तापमान में भी भारी वृद्धि देखने को मिलेगी। वर्ष 2024 में अब तक दिल्ली के मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आने वाले वर्षों में देश के किसी भी स्थान पर, विशेष रूप से पश्चिम भारत में तापमान 55 डिग्री तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। भारत में गर्मी में जो व्यापक वृद्धि हुई है, उसके पीछे केवल एक नहीं, बल्कि अनेक कारण जिम्मेदार हैं। इनमें सबसे पहला कारण भौगोलिक स्थिति है। भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में आता है। कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच स्थित इस क्षेत्र में सामान्य रूप से ही अधिक गर्मी रहती है। यहां सूर्य की किरणें सीधे पड़ती हैं, इसलिए तापमान औसत से कुछ अधिक रहता है। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम भारत, विशेष रूप से राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में थार का मरुस्थल स्थित है, जो गर्मियों में अत्यधिक तपता है। वहां से निकलने वाली गर्म हवाएं लू का रूप लेकर पूरे भारत में तापमान बढ़ा देती हैं। इसके अलावा भारत में शहरीकरण बहुत तेजी से हो रहा है। इसके कारण हरित क्षेत्र कम होते जा रहे हैं। कंक्रीट के जंगल बढ़ने से शहर हीट आइलैंड में बदल रहे हैं और गर्मी में भारी वृद्धि हो रही है। शहरों में समस्या यह होती है कि कंक्रीट और डामर लंबे समय तक गर्मी को सोख लेते हैं और रात में धीरे-धीरे उसे छोड़ते रहते हैं। इसके कारण शहरी क्षेत्रों में गांवों की तुलना में तापमान अधिक रहता है। विशेष रूप से दिल्ली, नागपुर, अहमदाबाद, इंदौर, विदर्भ, जलगांव और अन्य शहरों का तापमान गांवों से कहीं अधिक होता है। औसतन आठ से दस डिग्री तक का अंतर देखा जाता है। गर्मी और अन्य प्राकृतिक समस्याओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण जंगलों का अविवेकपूर्ण विनाश भी है। जंगल और वृक्ष प्राकृतिक एयर कंडीशनर के रूप में कार्य करते हैं। शहरों के विकास के नाम पर जंगलों का सफाया कर दिया गया और धरती का प्राकृतिक कवच कम हो गया। 'क्लाइमेट इम्पैक्ट स्ट्रैकर' की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में खेती के विस्तार, औद्योगीकरण और शहरीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर जंगलों का विनाश हुआ है।

## खामोश है आसमान

उदय किशोर साह



कविता

रे आसमान के खामोश सितारे
क्यूँ है मौन चन्दा के। संग तारे
कुछ तो बोल रे मूक आसमान
मुसीबत में रो रही है ये जहान

खामोश है मंगल चुप है ग्रह सारे
पृथ्वी पे मची है तांडव आज हमारे
परमाणु की हो रही सर्वत्र निर्माण
होने जा रहा है विध्वंस। ये जहान

विद्वजन मौन है सज्जन भी गौण है
विस्तारवादी जग में बना डॉन। है
पड़ोसी देश बनता है इनका निशान
मानव बन बन गया है क्यूँ रे शैतान

गाँव जलेगा जब तुम। भी जलेगा
तेरा भी घर धरा पे क्या बचेगा
अपनी ये धरती है अपना है पहचान
मानव बन मत बन तुम हैवान

जीयो खुद और जीने दो हमें भाई
मत कर प्रकृति से कोई हाथपाई
पूरा होने दो जीवन का अरमान
जीने के लिये जग बनाया भगवान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कॉकरोच से क्रांति तक: डिजिटल युग में लोकतांत्रिक असहमति का नया स्वर



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका



भारतीय लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने के तरीके समय के साथ बदलते रहे हैं। कभी स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सत्याग्रह और धरने राजनीतिक प्रतिरोध के प्रमुख माध्यम थे, तो कभी साहित्य, रंगमंच और पत्रकारिता ने सत्ता से सवाल पूछने का कार्य किया। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में प्रवेश करते हुए यह परिदृश्य एक बार फिर बदलता दिखाई दे रहा है। आज सोशल मीडिया, मीम्स, व्यंग्य और डिजिटल अभियानों ने राजनीतिक अभिव्यक्ति के नए मंच तैयार कर दिए हैं। युवा पीढ़ी अब केवल सभाओं, रैलियों और ज्ञापनों तक सीमित नहीं है; वह अपने विचारों को इंटरनेट की दुनिया में नए प्रतीकों और नई भाषा के माध्यम से सामने ला रही है। मई 2026 में अचानक चर्चा में आई 'कॉकरोच जनता पार्टी' इसी बदलते राजनीतिक और सामाजिक यथार्थ का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। पहली दृष्टि में यह एक हास्यास्पद नाम प्रतीत होता है। किसी राजनीतिक दल या आंदोलन का नाम 'कॉकरोच' रखना सामान्य नहीं माना जा सकता। लेकिन राजनीति में प्रतीकों का महत्व हमेशा से रहा है। कई बार जो शब्द अपमान के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं, वही प्रतिरोध और पहचान के प्रतीक बन जाते हैं। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जब समाज के किसी वर्ग ने अपने ऊपर लगाए गए नकारात्मक विशेषणों को ही अपनी शक्ति में बदल दिया। कॉकरोच जनता पार्टी का उदय भी इसी प्रवृत्ति को दशार्ता है। यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि उस मानसिकता के विरुद्ध व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया है जिसे युवा अपने प्रति उपेक्षापूर्ण मानते हैं। इस पूरे घटनाक्रम की शुरूआत एक न्यायिक टिप्पणी को लेकर उत्पन्न विवाद से हुई। सोशल मीडिया पर यह धारणा तेजी से फैली कि बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की गई है। यद्यपि बाद में इस टिप्पणी के संदर्भ को लेकर स्पष्टीकरण भी सामने आए, लेकिन तब तक स्थिति बदल चुकी थी। युवाओं के एक बड़े वर्ग ने इस शब्द को अपने अपमान के प्रतीक के रूप में ग्रहण किया और फिर उसी को प्रतिरोध के प्रतीक में बदल दिया। यह वही प्रक्रिया है जिसे आधुनिक राजनीतिक सिद्धांत में 'रीक्लेमिंग द नैरेटिव' कहा जाता है-अर्थात जिस शब्द या पहचान का इस्तेमाल आपको कमजोर करने के लिए किया गया हो, उसे अपनी ताकत में बदल देना।

सोशल मीडिया के युग में किसी विचार को जनांदोलन का रूप लेने में अब महीनों या वर्षों की आवश्यकता नहीं होती। कुछ घंटे और कुछ वायरल पोस्ट ही पर्याप्त होते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी का उदय इसी डिजिटल युग की देन है। पूर्व राजनीतिक सोशल मीडिया कार्यकर्ता अभिजीत दीपके द्वारा इसकी घोषणा किए जाने के बाद देखते ही देखते लाखों लोग इससे जुड़ने लगे। इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य प्लेटफॉर्मों पर इसके समर्थन में बड़ी संख्या में पोस्ट, मीम्स और वीडियो साझा किए जाने लगे। यह स्पष्ट संकेत था कि यह केवल एक मजाक नहीं है, बल्कि युवाओं के भीतर मौजूद किसी गहरी बेचैनी और असंतोष की अभिव्यक्ति है। भारत आज दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में से एक है। यह जनसांख्यिकीय स्थिति देश के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए क्योंकि युवा ऊर्जा विकास की गति को तेज कर सकती है, और चुनौती इसलिए क्योंकि यदि इस ऊर्जा को सही दिशा न मिले तो असंतोष और निराशा बढ़ सकती है। पिछले कुछ वर्षों में रोजगार का प्रश्न भारतीय युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभरा है। लाखों छात्र वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भर्तियों में देरी, पेपर लीक, सीमित पदों और प्रशासनिक जटिलताओं के कारण उनका भविष्य अनिश्चित बना रहता है। निजी क्षेत्र में भी रोजगार की गुणवत्ता और स्थिरता को लेकर अनेक प्रश्न मौजूद हैं। ऐसे में युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। कॉकरोच जनता पार्टी की लोकप्रियता को इसी संदर्भ में समझना होगा। यह आंदोलन केवल एक टिप्पणी की प्रतिक्रिया नहीं है। यह उस व्यापक मनोदशा का परिणाम है जो लंबे समय से बन रही थी। बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, मानसिक तनाव, सामाजिक अपेक्षाएँ और भविष्य की अनिश्चितता-इन सभी कारकों ने युवाओं के भीतर एक ऐसी बेचैनी पैदा की है जिसे पारंपरिक राजनीति पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं कर सकी। इसलिए जब उन्हें एक ऐसा मंच मिला जहाँ वे व्यंग्य और हास्य के माध्यम से अपनी बात कह सकते थे, तो उन्होंने उसे हाथोंहाथ स्वीकार कर लिया। इस आंदोलन की सबसे दिलचस्प विशेषता इसका व्यंग्यात्मक स्वर है। इसकी टैगलाइन 'Voice of the Lazy abd Unemployed' अर्थात 'आलसी और बेरोजगारों की आवाज' सुनने में हास्यास्पद लग सकती है, लेकिन इसके भीतर गहरा राजनीतिक संदेश छिपा है। यह उस सोच पर सीधा प्रहार करती है जिसमें बेरोजगारी को अक्सर व्यक्ति की असफलता या आलस्य का परिणाम मान लिया जाता है। वास्तविकता यह है कि रोजगार का प्रश्न केवल व्यक्तिगत प्रयास का नहीं, बल्कि आर्थिक नीतियों, शिक्षा व्यवस्था, औद्योगिक विकास और प्रशासनिक दक्षता से भी जुड़ा हुआ है। जब लाखों योग्य युवा नौकरी पाने के लिए संघर्ष कर रहे हों, तब पूरी समस्या का दोष केवल उन पर डाल देना उचित नहीं कहा जा सकता। कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा जारी घोषणापत्र भी इस आंदोलन की गंभीरता को रेखांकित करता है। पहली मांग रोजगार और बेरोजगारी से संबंधित है, जो दशार्ती है कि यह मुद्दा युवाओं की प्राथमिक चिंता है। दूसरी मांग 'आलस्य के अधिकार' जैसी व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धात्मक संस्कृति पर सवाल उठाती है। आज का युवा लगातार प्रदर्शन, सफलता और उपलब्धि के दबाव में जी रहा है। सोशल मीडिया ने इस दबाव को और बढ़ा दिया है, जहाँ हर व्यक्ति स्वयं की तुलना दूसरों से करता रहता है। ऐसे माहौल में यह मांग वास्तव में मानसिक स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता और मानवीय गरिमा के प्रश्न को सामने लाती है। घोषणापत्र की तीसरी मांग राजनीति में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व की बात करती है। यह महत्वपूर्ण है कि एक व्यंग्यात्मक आंदोलन भी लैंगिक समानता जैसे गंभीर विषय को अपने एजेंडे में स्थान देता है। चौथी मांग मीडिया की जवाबदेही से जुड़ी है। आज मीडिया की भूमिका को लेकर समाज में व्यापक बहस चल रही है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मीडिया का एक हिस्सा जनसरोकारों की अपेक्षा राजनीतिक और कॉर्पोरेट हितों को अधिक महत्व देता है। युवाओं के बीच यह भावना और अधिक प्रबल है क्योंकि वे अपनी समस्याओं को मुख्यधारा के विमर्श में पर्याप्त स्थान नहीं पाते। पाँचवीं मांग दलबदल की राजनीति पर रोक लगाने से संबंधित है, जो भारतीय लोकतंत्र की एक पुरानी समस्या रही है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि व्यंग्य के आवरण में प्रस्तुत यह घोषणापत्र वास्तव में गंभीर राजनीतिक प्रश्नों को सामने लाता है।

इस आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह राजनीति की भाषा को बदलता है। पारंपरिक राजनीति अक्सर गंभीर भाषणों, जटिल घोषणापत्रों और औपचारिक संवाद पर आधारित होती है। इसके विपरीत डिजिटल राजनीति मीम्स, छोटे वीडियो, व्यंग्यात्मक पोस्ट और वायरल अभियानों पर आधारित है। आज का युवा लंबी राजनीतिक बहसों की अपेक्षा संक्षिप्त, तीखी और प्रभावशाली अभिव्यक्ति को अधिक पसंद करता है। यही कारण है कि कॉकरोच जनता पार्टी जैसे अभियान इतनी तेजी से लोकप्रिय हो जाते हैं। वे उस भाषा में बात करते हैं जिसे नई पीढ़ी समझती और अपनाती है।

हालाँकि इस लोकप्रियता को लेकर कुछ सावधानियाँ भी आवश्यक हैं। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स होना हमेशा वास्तविक राजनीतिक समर्थन का प्रमाण नहीं होता। इंटरनेट की दुनिया में कई अभियान तेजी से उभरते हैं और उतनी ही तेजी से गायब भी हो जाते हैं। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि कॉकरोच जनता पार्टी भविष्य में एक बड़ी राजनीतिक शक्ति बन जाएगी। लेकिन यह भी सच है कि किसी आंदोलन का महत्व केवल उसके चुनावी भविष्य से नहीं आँका जा सकता। कई बार आंदोलन समाज के भीतर छिपी भावनाओं और समस्याओं को उजागर करने का कार्य करते हैं। इस दृष्टि से देखें तो कॉकरोच जनता पार्टी पहले ही अपनी भूमिका निभा चुकी है। यह आंदोलन पारंपरिक राजनीतिक दलों के लिए भी एक संदेश है। यह बताता है कि युवा अब केवल चुनावी वादों से संतुष्ट नहीं हैं। वे रोजगार, शिक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही जैसे मुद्दों पर ठोस परिणाम चाहते हैं। यदि मुख्यधारा की राजनीति इन अपेक्षाओं को पूरा करने में असफल रहती है, तो युवा नए माध्यमों और नए प्रतीकों के जरिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। डिजिटल युग में सूचना और संचार के साधनों ने नागरिकों को पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली बना दिया है। अब कोई भी विचार, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, लाखों लोगों तक पहुँच सकता है। व्यंग्य की शक्ति को भी कम करके नहीं आँकना चाहिए। लोकतंत्र में व्यंग्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं होता; वह सत्ता और समाज दोनों के लिए आईना होता है। व्यंग्य उन प्रश्नों को उठाने का साहस देता है जिन्हें सीधे पूछना कभी-कभी कठिन होता है। भारत की साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपरा में व्यंग्य का समृद्ध इतिहास रहा है। हरिशंकर परसाई, शरद जोशी और काका हाथरसी जैसे रचनाकारों ने व्यंग्य को सामाजिक आलोचना का प्रभावी माध्यम बनाया। आज सोशल मीडिया उसी परंपरा को नए रूप में आगे बढ़ा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी इसी डिजिटल व्यंग्य की राजनीति का नवीन उदाहरण है।

यह भी विचारणीय है कि क्या इस प्रकार के आंदोलन लोकतंत्र को मजबूत करते हैं या उसे सतही बनाते हैं। आलोचकों का तर्क है कि मीम-आधारित राजनीति गंभीर विमर्श को कमजोर कर सकती है और जटिल समस्याओं को अत्यधिक सरल बना सकती है। दूसरी ओर समर्थकों का मानना है कि यदि पारंपरिक संस्थाएँ लोगों की बात सुनने में विफल हों, तो व्यंग्य और हास्य नागरिकों को अपनी बात कहने का नया अवसर प्रदान करते हैं। संभवतः सच्चाई इन दोनों के बीच कहीं स्थित है। डिजिटल व्यंग्य लोकतंत्र का विकल्प नहीं हो सकता, लेकिन वह लोकतांत्रिक संवाद को जीवंत और अधिक सहभागी अवश्य बना सकता है। भारत के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। देश की युवा आबादी केवल आर्थिक विकास के आँकड़े नहीं चाहती, बल्कि सम्मान, अवसर और भागीदारी भी चाहती है। यदि युवाओं को लगता है कि उनकी समस्याएँ सुनी नहीं जा रही हैं, तो वे अपने लिए नए मंच बना लेंगे। कॉकरोच जनता पार्टी इसी प्रक्रिया का परिणाम है। यह आंदोलन हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों का नाम नहीं है; यह नागरिकों की भावनाओं, आकांक्षाओं और असहमति को अभिव्यक्ति देने की व्यवस्था भी है।

अंततः कॉकरोच जनता पार्टी की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं है कि उसने सोशल मीडिया पर लाखों लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। इसकी वास्तविक उपलब्धि यह है कि उसने बेरोजगारी, युवाओं की निराशा, राजनीतिक जवाबदेही और लोकतांत्रिक संवाद जैसे मुद्दों को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला दिया है। यह आंदोलन चाहे भविष्य में समाप्त हो जाए, विकसित हो जाए या किसी नए रूप में सामने आए, लेकिन इसने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय युवा अब केवल दर्शक बने रहने को तैयार नहीं हैं। वे सवाल पूछना चाहते हैं, जवाब मांगना चाहते हैं और लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। कॉकरोच से क्रांति तक की यह यात्रा दरअसल एक शब्द की नहीं, बल्कि एक पीढ़ी की कहानी है। यह उस पीढ़ी की कहानी है जो अपमान को प्रतिरोध में, निराशा को व्यंग्य में और असहमति को डिजिटल आंदोलन में बदलना जानती है। यही कारण है कि इस पूरे घटनाक्रम को केवल एक इंटरनेट ट्रेंड मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। यह हमारे समय का एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक संकेत है-एक ऐसा संकेत जो बताता है कि लोकतंत्र में नई आवाजें जन्म ले रही हैं, और वे अपनी बात कहने के लिए नए रास्ते चुन रही हैं। यही डिजिटल युग की राजनीति का नया चेहरा है और शायद भविष्य की दिशा भी।

# अदृश्य संकट: वह सन्नाटा जो पूरी दुनिया पर थोप दिया गया है



एन0के0शर्मा
लेखक




यह संकट दिखाई नहीं देता, फिर भी हर जगह मौजूद है। यह किसी युद्ध की तरह धमाके नहीं करता, किसी महामारी की तरह आँकड़ों में दर्ज नहीं होता, और न ही किसी प्राकृतिक आपदा की तरह तस्वीरों में कैद होता है-फिर भी यह हमारे समय का सबसे व्यापक, सबसे खतरनाक और सबसे गहरा संकट है। यह है सन्नाटा-वह सन्नाटा जो धीरे-धीरे, सुनियोजित ढंग से, पूरी दुनिया पर थोप दिया गया है।

यह सन्नाटा अचानक पैदा नहीं हुआ। यह वर्षों की राजनीतिक रणनीतियों, सामाजिक दबावों, आर्थिक निर्भरताओं और मानसिक नियंत्रण की जटिल प्रक्रिया का परिणाम है। पहले सत्य पर बहस होती थी, असहमति को लोकतंत्र की आत्मा माना जाता था, और प्रश्न पूछना एक नागरिक का अधिकार समझा जाता था।

लेकिन आज, वही प्रश्न असहज हो गए हैं, वही असहमति खतरनाक घोषित कर दी गई है, और वही सत्य 'विवादित' करार देकर किनारे कर दिया जाता है।

इस अदृश्य संकट की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यह स्वयं को संकट के रूप में प्रस्तुत नहीं करता। यह धीरे-धीरे हमारे विचारों को सीमित करता है, हमारी भाषा को नियंत्रित करता है, और हमारे साहस को कम करता है। हम सोचते हैं कि हम स्वतंत्र हैं, लेकिन हमारी अभिव्यक्ति पहले से तय सीमाओं के भीतर कैद होती जा रही है।

हम बोलते हैं, लेकिन वही जो स्वीकार्य है। हम लिखते हैं, लेकिन वही जो सुरक्षित है। और इसी प्रक्रिया में, सच धीरे-धीरे पीछे छूट जाता है।

इस सन्नाटे का निर्माण केवल सरकारों द्वारा नहीं किया गया है। इसमें समाज भी बराबर का सहभागी है। जब समाज असहज प्रश्नों से बचने लगता है, जब लोग कठिन सच्चाइयों की बजाय आसान झूठ को स्वीकार करने लगते हैं, तब सन्नाटा एक सामूहिक सहमति बन जाता है। यह सहमति भय से जन्म लेती है-डर कि कहीं हम अलग न पड़ जाएँ, कहीं हमें निशाना न बना लिया जाए, कहीं हमारी आवाज हमें ही महँगी न पड़ जाए।

मीडिया, जो कभी सच का प्रहरी माना जाता था, इस सन्नाटे का एक प्रमुख उपकरण बनता जा रहा है। सूचनाओं की अधिकता के बीच, वास्तविक मुद्दे दब जाते हैं। बहसें होती हैं, लेकिन वे अक्सर सतही होती हैं। गहराई से प्रश्न पूछने की बजाय, ध्यान भटकाने वाले विषयों को प्रमुखता दी जाती है। परिणाम यह होता है कि जनता को लगता है कि सब कुछ सामने है, जबकि वास्तव में सबसे महत्वपूर्ण बातें छिपी रह जाती हैं।

तकनीक और सोशल मीडिया ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। एक ओर यह प्लेटफॉर्म अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भ्रम पैदा करते हैं, वहीं दूसरी ओर एल्गोरिदम और नियंत्रण तंत्र यह तय करते हैं कि कौन-सी आवाज कितनी दूर तक पहुँचेगी। कुछ विचारों को बढ़ावा दिया जाता है, जबकि कुछ को धीरे-धीरे हाशिये पर धकेल दिया जाता है। यह सेंसरशिप का नया रूप है-जो खुलकर नहीं दिखता, लेकिन गहराई से प्रभाव डालता है।

इस सन्नाटे का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह मनुष्य के भीतर प्रवेश कर चुका है। अब बाहरी प्रतिबंधों की आवश्यकता कम हो गई है, क्योंकि लोग स्वयं ही अपने विचारों को सेंसर करने लगे हैं। यह आत्म-सेंसरशिप, किसी भी बाहरी दमन से अधिक प्रभावी और स्थायी होती है। जब व्यक्ति अपने ही मन में यह तय करने लगे कि क्या कहना सुरक्षित है और क्या नहीं, तब सन्नाटा स्थायी हो जाता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विभिन्न देशों में अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग प्रकार का सन्नाटा है, लेकिन उसका स्वरूप एक जैसा है-असहमति को सीमित करना, जटिल प्रश्नों को टालना, और एक नियंत्रित नैरेटिव को स्थापित करना। यह केवल राजनीतिक मुद्दों तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक प्रश्नों को भी प्रभावित कर रहा है।

इस सन्नाटे के कारण, दुनिया कई महत्वपूर्ण चेतावनियों को अनसुना कर रही है। जलवायु संकट, आर्थिक असमानता, सांस्कृतिक विघटन, मानसिक स्वास्थ्य का बढ़ता संकट-ये सभी मुद्दे गंभीर हैं, लेकिन इन पर गहराई से, ईमानदारी से और साहस के साथ चर्चा नहीं हो पा रही। क्योंकि हर चर्चा के साथ एक डर जुड़ा हुआ है-डर कि कहीं यह चर्चा 'अनुचित' न मानी जाए।

लेकिन इतिहास गवाह है कि सन्नाटा कभी समाधान नहीं होता। सन्नाटा केवल समस्याओं को गहरा करता है, उन्हें अदृश्य बनाता है, और अंततः उन्हें विस्फोटक रूप में सामने लाता है। जब समाज प्रश्न पूछना बंद कर देता है, तब वह अपने ही भविष्य को अंधेरे में धकेल देता है।

इस अदृश्य संकट से बाहर निकलने का पहला कदम है-इसकी पहचान करना। यह स्वीकार करना कि सन्नाटा भी एक प्रकार का नियंत्रण है, एक प्रकार का संकट है। दूसरा कदम है-साहस। वह साहस जो असहज प्रश्न पूछने में सक्षम हो, जो लोकप्रियता की बजाय सत्य को महत्व दे, और जो डर के बावजूद बोलने की शक्ति रखे।

अंततः, यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति, संस्था या देश का नहीं है। यह मानव चेतना का संघर्ष है-स्वतंत्र विचार बनाम नियंत्रित सन्नाटा। यह तय करेगा कि आने वाली दुनिया में सत्य का स्थान क्या होगा-क्या वह खुले रूप में जीवित रहेगा, या सन्नाटे की परतों में दबकर रह जाएगा।

और शायद सबसे बड़ा प्रश्न यही है-क्या हम इस सन्नाटे को स्वीकार कर लेंगे, या इसे तोड़ने का साहस जुटा पाएँगे?

# डायवर्सिटी पार्क गढ़मुक्तेश्वर (ब्रजघाट) में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**हरेंद्र शर्मा**





**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में डायवर्सिटी पार्क गढ़मुक्तेश्वर (ब्रजघाट) में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरेंद्र तेवतिया जी रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। विधायक ने कहा की जैव विविधता दिवस के अवसर पर मेरा यह मानना है कि यदि समुदाय और स्थानीय स्तर पर किए छोटे-छोटे प्रयास मिलकर किए जाएं तो जैव विविधता के नुकसान को रोकने और बढ़ने में एक बड़ा वैश्विक बदलाव लाया जा सकता है उन्होंने आगाह किया कि यदि हम पेड़ों को नहीं बचाएंगे जल को संरक्षित नहीं करेंगे तो हम अपने आने वाली पीढ़ी को क्या देने जा रहे हैं इस पर विचार करें अर्थात हमें जल संरक्षण, पौधों को लगाना एवं पालना, भूमि का दोहन रोकना होगा।

गौतम सिंह प्रभागीय वनाधिकारी हापुड़ ने बताया कि जैव विविधता, मानव गतिविधियों से उत्पन्न खतरों के बारे में समझ और जागरूकता बढ़ाने हेतु इस दिवस को मनाया जाता है इस वर्ष इसकी थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना है उन्होंने कहा कि प्रख्यात वैज्ञानिक एडवर्ड ओ विल्सन जैव विविधता के जनक हैं भारत में चार हॉटस्पॉट हैं हिमालय जो विभिन्न वनस्पतियों पशु पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है पश्चिमी घाट, इंडो वर्मा क्षेत्र और सुंडा लैंड जिसमें सभी निकोबार दीप समूह आते हैं सरकार के द्वारा भी अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम, धरती के लिए आशा की बोई हुई वनस्पति बोओ, प्रकृति की रक्षा करें इसी पर आपका जीवन निर्भर रहता है, आज को बचाओ कल जीवित रहो ,इको क्लब का गठन महत्वपूर्ण कार्यक्रम है अतः हमें पृथ्वी पर निवास करने वाले सभी जीव जंतुओं, पौधों आदि का संरक्षण करना है।

इस अवसर पर जगदीश चौहान सूबेदार जी, सचिन जी वन दरोगा, डॉक्टर रोज जे0आर0 एफ0, कुमारी सुचित्रा वन दरोगा, गिरीश चौहान आदि ने अपने विचार रखे ।करन सिंह क्षेत्रीय वनाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर ने सभी का आभार व्यक्त किया। मास्टर जयवीर सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर गिरीश चौहान विनोद कुमार, अरविंद कुमार, जयपाल सिंह, सबाबुल हसन वन दरोगा, शुभम चौहान, आदित्य, मुकेश त्यागी , कमला देवी, कमलेश देवी, चंदा आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम सोंधा में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने किया उद्घाटन

**लुकमान खान**



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोंधा में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में राजकुमार राजू ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, एकता, संघर्ष एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तथा युवाओं को नशे एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है और युवाओं को खेलकूद में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान राजकुमार राजू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी, आयोजक समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अमर सिंह, सतीश वर्मा, ओम शर्मा, इंद्रपाल रवि मिश्रा, अवधेश भारती , मोहित वर्मा, महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम हरदासपुर में संचालित जनगणना कार्यक्रम का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा ग्राम हरदासपुर में संचालित जनगणना कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगणक मोहम्मद जीशान एवं अमरजीत सिंह द्वारा मकान गणना का कार्य प्रारंभ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गणना कार्य की प्रगति, अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।मौके पर उप जिलाधिकारी अमरिया एवं तहसीलदार अमरिया उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

# डीएम ने एचपीवी टीकाकरण को लेकर की अपील, किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर रोकथाम पर दिया जोर

**हरेंद्र शर्मा**



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में क्या आपको पता है महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (गर्भाशय के निचले हिस्से / सर्विक्स में होने वाला) दूसरा सबसे आम कैंसर है जो मुख्य रूप से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) संक्रमण के कारण होता है।

महिलाओं में इस कैंसर को 14 से 15 वर्ष के मध्य की आयु में किशोरियों को HPV टीका लगाकर पूर्णतयाः रोका जा सकता हैं। पूरे विश्व के 160 से अधिक राष्ट्रों में उक्त टीका प्रयोग किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये हैं तथा वैज्ञानिक रूप से भी प्रमाणित है कि इस टीके को लगाने से किसी भी प्रकार की कमजोरी, शारीरिक दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। बाजार में इस टीके का मूल्य 5000-9000 रू0 है।

भारत सरकार तथा राज्य सरकार के तत्वाधान में देश की प्रत्येक बेटी को सर्वाईकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु उक्त टीकाकरण पूर्णतय निःशुल्क किया जा रहा हैं।

टीका कहां लगवाएं हापुड़ में जिला संयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, धौलाना, प्रा०स्वा० केन्द्र सिम्भावली, राज्यकीय महिला चिकित्सालय कोठीगेट हापुड़ तथा राज्यकीय महिला चिकित्सालय रेलवे रोड़ पिलखुवा में प्रतिदिन प्रातः 08बजे से 02बजे तक लगाये जा रहें। आवश्यक दस्तावेज टीका लगवाने हेतु बेटी का जन्म प्रमाण-पत्र या आयु प्रमाणित करने वाले दस्तावेज। जनपद में एच०पी०वी० टीकारण हमारी बेटियों को मजबूत और स्वस्थ बनाने का अवसर है। सर्वाईकल कैंसर मुक्त भारत की दिशा में एक साथ कदम बढ़ाए, अफवाहों से बचें, तथ्यों पर भरोसा करें और डॉक्टर / सरकारी स्वास्थ्य कार्यकताओं से जानकारी प्राप्त करें, 'स्वस्थ बेटी, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ राष्ट्र' की संकल्पना को साकार करने के लिये मै जिलाधिकारी, हापुड़ आपसे अपील करती हूँ कि आप अपने परिवार, रिश्तेदारों तथा समुदाय के अन्य लोगों को 14 से 15 वर्ष की बेटियों के टीकाकरण हेतु प्रेरित करें। आईये हम सब मिलकर ।संकल्प ले कि जनपद हापुड़ की उक्त आयु वर्ग की शतप्रतिशत बेटियों को HPV टीका लगवाऐंगे। 'सब मिलकर जागरूकता फैलाएं, सर्वाईकल कैंसर रोकने हेतु HPV टीकाकरण को बढ़ावा दें।

# शाहजी मियां की दरगाह पर बड़े ही अकीदत के साथ चढ़ाई गईं चादरें



**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत महचंदी में हुजूर शाहजी मोहम्मद शेर मियां के नाम से चादर बड़े ही धूमधाम,से और अकीदत के साथ दरगाह शरीफ तक पैदल ले जाई गई ।हर साल की तरह इस वर्ष भी चादर यात्रा में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दरगाह पहुंचकर अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। चादर यात्रा के दौरान पूरा माहौल धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। जगह-जगह लोगों ने श्रद्धा के साथ स्वागत किया और कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त की। अकीदतमंदों ने पूरी शिद्दत के साथ दरगाह शरीफ पहुंचकर चादर पेश की। इस मौके पर पत्रकार शमशाद अंसारी, अफजल अंसारी, इकरार अंसारी, आजम सलमानी सहित इंतजार अंसारी व कई सम्मानित लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। पूरा कार्यक्रम भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पीतमपुरा की डिस्ट्रिक्ट पार्क में झालमुरी व रसगुल्ला पार्टी का आयोजन




**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की शानदार एवं ऐतिहासिक जीत की खुशी देशभर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है। इसी क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की विधानसभा शालीमार बाग के अंतर्गत पीतमपुरा स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में रविवार की सुबह स्थानीय निगम पार्षद अमित नागपाल द्वारा 'झालमुरी एवं रसगुल्ला पार्टी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, स्थानीय निवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए।

उपस्थित लोगों ने झालमुरी, रसगुल्लों एवं चाय का आनंद लेते हुए भाजपा की जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें भजन एवं पुराने हिंदी गीतों पर लोग उत्साहपूर्वक थिरकते नजर आए। इस अवसर पर निगम पार्षद अमित नागपाल ने कहा कि असम एवं पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रच दिया है।

उन्होंने कहा कि टीएमसी शासनकाल में फर्जी दस्तावेज बनाकर घुसपैठियों को बसाने का कार्य हुआ, जिससे राज्य की डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव आया।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनना राष्ट्रहित में अत्यंत आवश्यक था । अमित नागपाल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के बाद अब भारतीय जनता पार्टी पंजाब में भी जीत का परचम लहराएगी तथा राष्ट्रवादी विचारधारा को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के आखिर में उपस्थित कार्यकर्ता 'भारत माता की जय' एवं 'जय श्री राम' के नारे लगाते नजर आए।

# जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाऐं



**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड रूम एवं सी.सी.टी.वी. और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान इन्द्रेश चैहान नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, अमित पाठक एडवोकेट समाजवादी पार्टी, हेमन्त मिश्रा एडवोकेट राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रसून दिवेद्वी, बन्दोवस्त चकबन्दी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी ईवीएम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय स्टाफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# APK फाइल फ्रॉड का मास्टरमाइंड बिहार से गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली पुलिस की साइबर थाना/उत्तर-पश्चिम टीम ने अढङ फाइल आधारित साइबर फ्रॉड मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए मुख्य सरगना को बिहार के जमुई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 26 वर्षीय सचिन कुमार के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर e-SIM फ्रॉड के जरिए लोगों के बैंकिंग और फ्लिपकार्ट अकाउंट तक पहुंच बनाकर लाखों की ठगी करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने एक पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से 3.99 लाख की ऑनलाइन खरीदारी कर ली थी। मामले में दर्ज e-FIR संख्या 61/26 की जांच के दौरान साइबर टीम ने तकनीकी निगरानी, OSINT और मनी ट्रेल की मदद से आरोपी तक पहुंच बनाई।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले पीड़ित के मोबाइल नंबर पर फर्जी e-SIM एक्टिव करवाता था। इसके बाद वह बैंकिंग सेवाओं और ऑनलाइन शॉपिंग अकाउंट्स की एक्सेस हासिल कर लेता था। आरोपी ने पीड़ित के फ्लिपकार्ट अकाउंट से मोबाइल फोन, एलईडी टीवी, एसी और वॉशिंग मशीन जैसे महंगे सामान खरीदे और उन्हें कम कीमत पर बेचकर ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहा था। दिल्ली पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से बिहार के जमुई में तड़के छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अपराध की रकम से खरीदे गए 02 मोबाइल फोन और 02 एलईडी टीवी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ओपन सोर्स प्लेटफॉर्म से साइबर फ्रॉड की तकनीक सीखी थी। वह सामान की डिलीवरी अधूरे पतों या सड़क किनारे करवाता था ताकि पुलिस को भ्रमित किया जा सके। इस कार्रवाई को इंस्पेक्टर दिनेश दहिया के नेतृत्व में एसआई सुनीत, एचसी राकेश और कांस्टेबल राहुल की टीम ने अंजाम दिया। पूरी कार्रवाई एसीपी साइबर सृष्टि भट्ट की निगरानी और डीसीपी आकांक्षा यादव के मार्गदर्शन में की गई।

# उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत में एम ए प्रथम सेमेस्टर अंग्रेजी साहित्य का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत




**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** उपाधि महाविद्यालय के एम ए प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025 -26 में अंग्रेजी विभाग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शैफाली सक्सेना और डॉ जितेंद्र नाथ मिश्रा जी के अनुसार इस परीक्षा में 59 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी उत्तीर्ण हैं और लगभग सभी के प्राप्तांक 60 प्रतिशत से अधिक हैं ।सभी का प्रतिशत 62 से 75 प्रतिशत के बीच है। छात्रा फिजा फातिमा और स्वेता श्रीवास्तव ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। प्राचार्य प्रो डॉ दुष्यंत कुमार जी ने दोनों छात्राओं को पुरस्कृत किया और भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी ।डॉ शैफाली और डॉ जितेंद्र ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी है और बताया कि इस सत्र में शिक्षण कार्य ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार से कराया गया था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ दुष्यंत कुमार जी ने अंग्रेजी विभाग के सदस्यों डॉ शैफाली और डॉ जितेंद्र जी की सराहना की और छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए आने वाले सत्रों की परीक्षा में इस उपलब्धि को बनाए रखने को प्रेरित किया।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 276 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## 1933 अथवा 90508-91508 पर दें नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार क्ढर के दिशानिदेशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा क्ढर के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बसताड़ा में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 276 वां जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्थान के मुख्य अनुदेशक दिनेश के नेतृत्व में संस्थान के अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। उच्चाधिकारियों के आदेश से ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे और एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे डॉ वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर नशे के विरुद्ध प्रचार कर रहे हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तार से समझाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है। उन्होंने बताया कि नशा मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है और उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है।

उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी या बिक्री से संबंधित कोई भी सूचना मिलने पर ठउइ नेशनल हेल्पलाइन 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल NCBMANAS.GOV.IN या हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 टोल-फ्री नंबरों पर दें।

सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गुप्त रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई। इस अवसर पर वर्ग अनुदेशक अनुदेशक एवं छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिलाधिकारी आवास का किया गया सूचीकरण



**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना (दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 तक) के अन्तर्गत जनपद पीलीभीत में प्रगणकों द्वारा क्षेत्र के हर मकान का विवरण दर्ज किये जाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 22 मई, 2026 को प्रगणक सुनीता देवी, सुपरवाईजर हरीश कुमार के द्वारा जिलाधिकारी , पीलीभीत के आवास पर पंहुचकर जिलाधिकारी पीलीभीत के आवास का सूचीकरण का कार्य किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा प्रगणक व सुपरवाईजर का स्वागत करते हुए उन्हे भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना के कार्य को पूर्ण मनोयोग से करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही उन्हे जनगणना-2027 के प्रमुख एवं व्यवहारिक महत्व/लाभ से भी अवगत कराया गया।

# ट्रांस यमुना पुलिस का ताबड़तोड़ अभियान, 50 मीटर तक नो-एन्क्रोचमेंट जोन घोषित, जनता बोली- अब दिख रही असली पुलिसिंग

## टेडी बगिया चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार की सख्ती से बदली क्षेत्र की तस्वीर, अपराधियों में खौफ और जनता में भरोसा

मयूर खान



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में ट्रांस यमुना क्षेत्र के चौराहों को जाम मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने टेढ़ी बगिया बाजार चौराहे से लेकर सौ फुटा रोड तक सड़क किनारे लगे ठेले, अवैध पार्किंग और फुटपाथ पर फैले सामान को हटवाया।

अभियान के दौरान पुलिस ने प्रमुख चौराहों के 50 मीटर दायरे को नो-एन्क्रोचमेंट जोन घोषित करते हुए सफेद चूने से सीमा भी निर्धारित कर दी।

पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाना और रोज लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाना है। टेढ़ी बगिया चौराहे पर लंबे समय से सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था। पुलिस ने मौके पर खड़े वाहनों और ठेल-ढकेलों को हटाकर रास्ता साफ कराया।

टेढ़ी बगिया चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने दुकानदारों और ठेला संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि चूने से निर्धारित सीमा के बाहर किसी भी प्रकार का सामान, वाहन या ठेला मिला तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को अपना सामान दुकान के अंदर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने टेढ़ी बगिया चौकी का चार्ज संभाला है, तब से क्षेत्र में कानून व्यवस्था पहले से अधिक मजबूत हुई है। अपराधियों में पुलिस का खौफ बढ़ा है और कई असामाजिक तत्व क्षेत्र छोड़ चुके हैं। लोगों का यह भी कहना है कि पहले कई बार बिना जांच के फर्जी मुकदमे तक दर्ज हो जाते थे, लेकिन अब हर शिकायत की गहनता से जांच की जाती है।

यदि मामला सही पाया जाता है तो प्रवीण कुमार द्वारा तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाती है। इस पूरी व्यवस्था का नेतृत्व थाना ट्रांस यमुना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार द्वारा किया जा रहा है। उनके निर्देशन में थाना पुलिस लगातार अपराध नियंत्रण, अतिक्रमण हटाने और जनता की सुरक्षा को लेकर सक्रिय अभियान चला रही है।

बताया गया कि कुछ दिन पहले पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण में अतिक्रमण और जाम की गंभीर समस्या सामने आने के बाद यह विशेष अभियान शुरू किया गया। थाना ट्रांस यमुना पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में अन्य चौराहों पर भी इसी तरह अभियान चलाकर शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।

# सीएम धामी ने विभिन्न पदों पर चयनित कुल 483 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** सिंचाई विभाग एवं कृषि विभाग के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर चयनित कुल 483 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें 473 पद सिंचाई एवं 10 पद कृषि विभाग के शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण प्रतिभाशाली युवाओं की मेहनत, लगन और संकल्प का सम्मान है। सभी का लक्ष्य देवभूमि उत्तराखण्ड की सेवा करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रदेश की जीएसडीपी विकास दर 7.23 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले चार वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में लगभग 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य का बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड गिरावट आई है। रिवर्स पलायन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज पहाड़ का युवा पलायन नहीं, संभावनाएँ देख रहा है। सिंचाई मंत्री श्री सतपाल महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया को निरंतर मजबूती मिली है। कृषि मंत्री श्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद अब पात्र और मेहनती बच्चों को ही नियुक्तियां मिल रही हैं।

# स्वर्णकार समाज का सामूहिक विवाह समारोह 7 दिसंबर को

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसिएशन के तत्वाधान में 7 दिसंबर को सौ फूटा रोड स्थित कृष्णा गार्डन कालिंदी विहार आगरा पर स्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन लाल वर्मा ने बताया कि स्वर्णकार समाज के जो परिवार इस सामूहिक विवाह समारोह से अपने बच्चों की शादी करना चाहते हों वो कार्यालय रामबाबू की जीन,पथवारी आगरा व कार्यालय प्रदीप कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष आगरा नमक मंडी आगरा पर आकर रजिस्ट्रेशन करा लें एवं अपने नजदीक कमेटी के पदाधिकारीयों से भी संपर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं और जरूरत मंद परिवारों के लिए राहत का माध्यम बनते हैं। इससे न केवल फिजूल खर्ची पर रोक लगती है, बल्कि समाज में भाईचारे और समरसता की भावना भी बढ़ती है।

# थप्पड़ और तमंचे की धमकी देने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में दबोचा, 'सिंघम' अवनीश त्यागी की फिर गरजी सख्त पुलिसिंग

मयूर खान





थानाध्यक्ष एलाऊ अवनीश त्यागी उर्फ सिंघम

**मैनपुरी(वेलकम इंडिया)।** एलाऊ थाना पुलिस ने युवती से मारपीट और तमंचे से धमकाने वाले शातिर बदमाश को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर एक बार फिर अपनी तेजतर्रार कार्यशैली का परिचय दिया है। पूरी कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी अवनीश त्यागी ने घटना के कुछ ही घंटों में आरोपी को पकड़कर यह साबित कर दिया कि अपराधियों के खिलाफ उनकी कार्रवाई लगातार सख्त होती जा रही है। जानकारी के अनुसार एलाऊ थाना क्षेत्र के बख्तपुर निवासी मनीष उर्फ विपिन पुत्र जगदीश ने एक युवती के साथ मारपीट करते हुए उसे थप्पड़ मारा और तमंचे से धमकाया था। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर थाना पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अवनीश त्यागी के निर्देशन में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कुसमरा-मैनपुरी मार्ग से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुंडरी की ओर से आती एक बाइक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी भाग निकला। संजापुर मोड़ पुलिया के पास बाइक फिसलने के बाद बदमाश ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ के दौरान सिपाही दिनेश भी घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर एएसपी सिटी अरुण कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। बेहतरीन पुलिसिंग और सख्त कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले थाना प्रभारी अवनीश त्यागी को क्षेत्र में लोग 'सिंघम' के नाम से जानते हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में वह कई बड़ी और चुनौतीपूर्ण घटनाओं का सफल खुलासा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें वीरता पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। आगरा और मथुरा जैसे संवेदनशील जनपदों में दमदार पुलिसिंग की छाप छोड़ने के बाद अब मैनपुरी में भी अवनीश त्यागी लगातार अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कानून व्यवस्था मजबूत करने में जुटे हैं।

# श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार ट्रस्ट रजि मथुरा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा




वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार ट्रस्ट रजि मथुरा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा मंडल के महंत श्री भवानी गिरि जी एवं संस्थापक राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न पदाधिकारियों को आगामी दो वर्षों के लिए मनोनीत किया गया।मंडल के तीन मुख्य सलाहकारों के रूप में राजेश अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल कड़े वाले को जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी में संदीप अग्रवाल अध्यक्ष, प्रियांक मल्होत्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अतुल बंसल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। आलोक जै को सचिव तथा मोहित मित्तल एवं अजय गोला को सह सचिव बनाया गया। कोषाध्यक्ष का दायित्व नीलू गोला को तथा सह कोषाध्यक्ष का दायित्व सुनील वर्मा को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त विनय अग्रवाल को संगठन मंत्री, लवनीश अग्रवाल को ऑडिटर, भूपेंद्र गर्ग को प्रचार मंत्री उमेश भदौरिया को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

# मथुरा नगर निगम पहुंचा 'कॉकरोज', यमुना प्रदूषण के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** यमुनाजी में गिरते गंदे नालों के विरोध में एक समाजसेवी युवक ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। युवक कॉकरोज की वेशभूषा पहनकर नगर निगम कार्यालय पहुंचा, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जुट गई और कई लोगों ने अपने मोबाइल निकालकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। कॉकरोज की ड्रेस पहने युवक नगर निगम परिसर में नाचते-गाते हुए पहुंचा और यमुना में गिर रहे गंदे पानी के खिलाफ नाराजगी जताई। युवक का कहना था कि जिस तरह गंदगी में कॉकरोज पनपते हैं, उसी तरह शहर और यमुना की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। उसने कहा कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। समाजसेवी युवक के इस अनोखे प्रदर्शन ने नगर निगम अधिकारियों के साथ-साथ आम लोगों का भी ध्यान अपनी ओर खींचा। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि यमुना प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर प्रशासन को जल्द ठोस कदम उठाने चाहिए। नगर निगम पहुंचे इस 'कॉकरोज प्रदर्शन' की चर्चा पूरे शहर में बनी हुई है।

# कानपुर में नया कार्यभार संभालने से पहले एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ पहुंची गिरिराज की शरण

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/गोवर्धन।** आगरा जोन से स्थानांतरण के बाद एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कानपुर जोन में अपना नया कार्यभार संभालने से पहले धार्मिक आस्था के तहत गोवर्धन पहुंची।

यहां उन्होंने अपने आराध्य गिरिराज प्रभु के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। माना जा रहा है कि नए और महत्वपूर्ण दायित्व को संभालने से पहले उन्होंने यह यात्रा आस्था और सकारात्मक शुरूआत के उद्देश्य से की।

मंदिर परिसर में उन्होंने कुछ समय बिताया और देश-प्रदेश में शांति, समृद्धि तथा अपने आगामी कार्यकाल में सफलता की कामना की।

एडीजी के इस दौरे को उनके नए पदभार ग्रहण से पहले एक धार्मिक और व्यक्तिगत पहल के रूप में देखा जा रहा है, जहां उन्होंने व्यस्त प्रशासनिक जिम्मेदारियों से पहले आध्यात्मिक शांति और संतुलन की अनुभूति की।

स्थानीय स्तर पर भी इस यात्रा को सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उच्च पदस्थ अधिकारी द्वारा धार्मिक स्थलों पर दर्शन करना आमतौर पर शुभ शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान उनके साथ अंशु कौशिक मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा गोविन्दघाट से पवित्र हेमकुंट साहिब के लिए रवाना हुआ सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था



ओ पी उनियाल

**देहरादून(वेलकम इंडिया)।** पंज प्यारों की अगुवाई, पावन निशान साहिब की अगाध श्रद्धा और बैण्ड-बाजों की मधुर धुनों के बीच सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज गुरुद्वारा गोविन्दघाट से पवित्र हेमकुंट साहिब के लिए रवाना हुआ। धार्मिक उल्लास और आस्था से सराबोर श्रद्धालुओं ने गोविन्दघाट से 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के गगनभेदी जयकारों के साथ अपनी आध्यात्मिक यात्रा का शुभारम्भ किया। प्रथम जत्थे की अगुवाई पावन पंज प्यारों द्वारा की गई, जो सिख परंपरा में श्रद्धा, सेवा और साहस के प्रतीक माने जाते हैं।

यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए चमोली प्रशासन और पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। संपूर्ण यात्रा मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहला जत्था आज रात्रि घांघरिया स्थित गुरुद्वारे में विश्राम करेगा। इसके उपरांत कल (23 मई 2026) को श्रद्धालु अंतिम पड़ाव की ओर प्रस्थान करेंगे। परंपरानुसार, प्रथम जत्थे के पवित्र धाम पहुंचने के बाद विधि-विधान एवं अरदास के साथ हेमकुंट साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ आधिकारिक रूप से खोल दिए जाएंगे।

# देहरादून शहरी क्षेत्र में 90 प्रतिशत भवन गणना का कार्य पूर्ण : नगर आयुक्त



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** नगर आयुक्त /प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा 'जनगणना-2027' के अंतर्गत देहरादून शहरी क्षेत्र में संचालित भवन गणना कार्यो की प्रगति की समीक्षा हेतु चार्ज अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक के दौरान अब तक सम्पन्न कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें अवगत कराया गया कि देहरादून शहरी क्षेत्र में 90 प्रतिशत भवन गणना का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं। नगर आयुक्त /प्रमुख जनगणना ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना से संबंधित समस्त कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा कार्यों में शत-प्रतिशत सटीकता, पारदर्शिता एवं समन्वय सुनिश्चित किया जाए, साथ ही डेटा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश गयें। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, प्रत्येक प्रविष्टि का सत्यापन सावधानीपूर्वक किया जाए, ताकि जनगणना सम्बन्धित सूचनाएं त्रुटिरहित हो सकें।

# भगवान श्रीकृष्ण के ही स्वरूप हैं गिरिराज गोवर्धन : भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** छटीकरा रोड़ स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में इन दिनों पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर चल रहे अष्टदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवें प्रख्यात भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा समस्त भक्तों-श्रृद्धालुओं को पूतना वध, भगवान श्रीकृष्ण के नाम करण, यमलार्जुन उद्धार, माखन चोरी, बकासुर-अघासुर वध, कालिया मर्दन, इंद्र मान मर्दन और गिरिराज गोवर्धन महिमा की कथा श्रवण कराई।

व्यास पीठाधीन भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी ने कहा कि श्रीगिरिराज गोवर्धन का प्राकट्य गोलोक धाम में अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के वक्षस्थल से हुआ है। इसीलिए वे स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के ही स्वरूप माने जाते हैं।

उनमें और श्रीकृष्ण में कोई भेद नहीं है। वस्तुतः भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति का संरक्षण करने के लिए ही गिरिराज पूजा की लीला की थी। जिससे कि लोग प्रकृति के महत्व को जानें और उसकी उपयोगिताका सही से पालन करें।

उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव भगवान श्रीकृष्ण की एक अलौकिक लीला है। जिसमें एक ओर तो वे गिरिराज गोवर्धन के रूप में स्वयं पूज्य बने और दूसरी ओर उन्होंने नंदनंदन के रूप में ब्रजवासियों के साथ गाते-बजाते हुए गिरिराज गोवर्धन की पूजा-अर्चना की। वस्तुतः यह लीला हमारी पुरातन संस्कृति में निहित अपने आराध्य के प्रति आस्था के अतिरिक्त माधुर्य व वैभव का भी प्रतीक है।

इस अवसर पर गिरिराज गोवर्धन महाराज की अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक झांकी सजाई गई। साथ ही 56 प्रकार के भोग लगाए गए। इसके अलावा गोवर्धन महिमा से ओतप्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।

जिन पर समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में सन्त प्रवर रामदास महाराज (अयोध्या) श्रीकृष्ण कीर्ति पत्रिका के प्रधान संपादक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सतेन्द्र कुमार जोशी, आचार्य अंकित कृष्ण महाराज, महोत्सव के मुख्य आयोजक दीपक लोहिया, श्रीमती नूपुर लोहिया, हरि नारायण अग्रवाल ,अशोक अग्रवाल, प्रहलाद गुप्ता, उमेश बंसल, नीरज मित्तल, शशिकांत दुबे, आर. के. श्रोत्रिय, गणेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राधारानी अग्रवाल, उर्मिल बंसल, ममता सैनी, गोपिका शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, नीरज मित्तल एवं आचार्य बृजेन्द्र तिवारी आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट आज विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** चमोली जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित भ्यूंडार घाटी में 15,225 फीट की ऊंचाई पर स्थित लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट आज विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभ मुहूर्त में प्रातः 11 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।

अब आगामी 4 माह तक श्रद्धालु यहां लक्ष्मण जी के दर्शन और पूजा अर्चना कर सकेंगे। भ्यूंडार घाटी में दंडी पुष्कर्णी सरोवर के समीप स्थित यह पवित्र मंदिर सनातन आस्था के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्म और हिमालयी संस्कृति का अद्भुत संगम है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्री राम के अनुज लक्ष्मण जी ने यहां त्रेतायुग में तपस्या की थी। जिसके चलते यह एकमात्र मंदिर है, जहां लक्ष्मण जी की पूजा अर्चना भगवान श्री राम और सीता माता के बिना की जाती है। कपाट खुलने के मौके पर यहां मंदिर समिति के सदस्य, स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मथुरा रेडियो से डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 25 मई को



डॉ. गोपाल संस्कृत

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) के मथुरा–वृन्दावन केंद्र से नगर के युवा साहित्यकार व आध्यात्मिक पत्रकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 25 मई 2026 को किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा–वृन्दावन केंद्र के कार्यक्रम निष्पादक ओपी सिंह ने बताया है कि 'सनातन संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित – माँ गंगा' विषय पर युवा साहित्यकार एवं आध्यात्मिक पत्रकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण केंद्र से 25 मई को प्रात: 09 बजे से किया जाएगा। यह प्रसारण 13 मिनट का होगा। जिसे सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल संख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं।

# धौलपुर पुलिस एवं 6 वीं बटालियन आरएसी धौलपुर का संयुक्त रूप से 'संडे ऑन साइकिल' अभियान

## अभियान से धौलपुर पुलिस देगी सेहत और सुरक्षा का संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता




**धौलपुर राजस्थान।** फिटनेस और जागरूकता को लेकर पुलिस मुख्यालय के की पहल पर 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी श्रवण कुमार झोरड़ के सुपरविजन में धौलपुर पुलिस एवं 6 वीं बटालियन आरएसी धौलपुर भी अपनी भागीदारी निभायेगी। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि 24 मई 2026 को धौलपुर में पुलिस एवं 6 वीं बटालियन आरएसी द्वारा संयुक्त रूप से अभियान का आयोजन रविवार प्रातः 6:30 से आयोजित किया जाएगा।

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने योग एवं व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनकर शारीरिक फिटनेस के माध्यम को समझाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, उन्होंने कहा है कि साइकलिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि प्रदूषण कम करने और यातायात दबाव घटाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार जिला पुलिस एवं छठवीं बटालियन आरएसी धौलपुर द्वारा 'संडे ऑन साइकिल' अभियान आयोजित किया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस एवं 6 वीं बटालियन आरएसी द्वारा निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेः-

**योग- प्रातः** 6:30 बजे से 7:00 बजे तक पुलिस लाइन धौलपुर में

**जुम्बा एवं रोप स्किपिंग-** प्रातः 7:15 बजे से 7:45 बजे तक पुलिस लाइन धौलपुर में । 3. साइकिलिंग- प्रातः 8:00 बजे से 8:30 बजे तक पुलिस लाइन धौलपुर से जगदीश तिराहा, गुलाब बाग, कृषि उपज मंडी के आगे से होकर 6 वीं बटालियन आरएसी धौलपुर तक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि इस अभियान में जिला पुलिस एवं 6 वीं बटालियन आरएसी धौलपुर के अधिकारी, शहर के थाना अधिकारी, धौलपुर पुलिस व आर ए सी के जवानों के साथ-साथ सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, स्कूली छात्रा छात्राएं हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही जिले के समस्त जिला वासियों से अपील की है कि वे नियत समय रविवार 24 मई 2026 को प्रातः 6:30 बजे पुलिस परेड ग्राउंड धौलपुर (मय साईकिल) पहुंचकर संडे ऑन साइकलिंग अभियान का हिस्सा बने एवं जिला पुलिस की इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

# खाद के लिए इफको केंद्र पर उमड़ी किसानों की भीड़, हंगामा

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के नवीन सब्जी मंडी स्थित इफको केंद्र पर शुक्रवार को खाद वितरण के दौरान किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खाद लेने के लिए नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों किसानों हंगामा किया जिस कारण स्थिति बेकाबू हो गई। स्थिति बिगड़ने पर केंद्र कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को लाइन में लगवाकर व्यवस्था संभाली और खाद वितरण सुचारू कराया। किसानों का आरोप है कि वह कई दिनों से खाद लेने के लिए इफको केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। किसानों ने केंद्र पर तैनात कर्मचारियों पर अपने परिचित लोगों को प्राथमिकता देकर खाद वितरण करने का आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि आम किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल रही, जबकि कुछ लोगों को सीधे खाद उपलब्ध करा दी जाती है। नगर एवं क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक इफको केंद्र संचालित हैं, लेकिन कई दिनों से खाद सामग्री की कमी के चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान और अन्य फसलों की तैयारियों के बीच खाद की किल्लत से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से खेती कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को जैसे ही नवीन सब्जी मंडी स्थित इफको केंद्र पर खाद पहुंचने की सूचना किसानों को मिली तो बड़ी संख्या में किसान केंद्र पर पहुंच गए। देखते ही देखते केंद्र के बाहर लंबी लाइनें लग गईं और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर किसानों को लाइन में खड़ा कराया और शांतिपूर्वक खाद वितरण कराया।खाद लेने आए किसानों ने इफको केंद्र के बाहर हंगामा करते हुए जिलाधिकारी शामली से मामले की शिकायत कर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान तिरसपाल, जाकिर, दिनेश, बालेंद्र, सोनू, इशम सिंह, सद्दाम, नवीन, सुभाष, हसर एवं पुष्पेंद्र सहित आदि किसान मौजूद रहे।

# सभी कर्मचारी आपस में संबंध में बनाकर निर्धारित समय से पूर्व अपना कार्य पूरा कर लें: संजय द्विवेदी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जनगणना 2027 के सकुशल संचालन हेतु जनगणना पर्यवेक्षक व प्रधानाचार्य दुधारा संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय महदेव विकास खंड सेमरियावां पर जनगणना प्रगणकों की बैठक की गई। बैठक में लेखपाल मुन्द्रिका प्रसाद चौधरी की मौजूदगी में सभी जनगणना प्रगणको को उनके भौगोलिक क्षेत्र की चौहद्दी के बारे में जानकारी दिलाई गई। पर्यवेक्षक संजय द्विवेदी ने कहा कि सभी कर्मचारी आपस में संबंध में बनाकर निर्धारित समय से पूर्व अपना कार्य पूरा कर लें। इस दौरान जनगणना प्रगणक रीता गौतम, रामराज, धर्मेंद्र कुमार चौधरी, वीरेंद्र सिंह, रोशन लाल, राधेश्याम मौर्य व लेखपाल मुन्द्रिका प्रसाद चौधरी, विवेकानंद पांडेय मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

मोहसिन रहमानी






**कांधला(वेलकम इंडिया)।** ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लोगों से शासन की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की।तहसीलदार सतीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है।

उन्होंने लोगों से खुले में कुबार्नी न करने, सड़कों पर नमाज अदा न करने तथा पशुओं के अवशेष खुले में न डालने की अपील की। कहा कि प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार ही नमाज अदा की जाए और प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी स्थिति में न की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कुबार्नी की वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।पालिका चेयरमैन नजमूल इस्लाम ने बताया कि नगर में साफ-सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। पशुओं के अवशेषों को प्लास्टिक की पॉलीथिन में पैक कर पालिका कर्मचारियों को सौंपने की अपील की गई, ताकि उन्हें निर्धारित गड्ढों में दबाया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे ग्राम प्रधानों को भी गांवों में साफ-सफाई बनाए रखने और खुदवाए गए गड्ढों में ही अवशेष दबाने के निर्देश दिए गए।बैठक में सचिन गोयल, पवन कंसल, ईश्वर दयाल कंसल, बबला सैनी, तनवीर, आरिफ, विकास जैन, सभासद इस्माइल, नासिर, साजिद ठेकेदार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक अफसर यू अहमद के निधन पर शोक की लहर

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पूर्व विधायक अफसर यू अहमद का पीजीआई लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शोक की लहर दौड़ गई। वर्ष 1984 से 1989 तक मेहदावल विधानसभा के कांग्रेस पार्टी से विधायक रहे। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष रह चुके हैं कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर रहकर काम कर चुके हैं उनके पुत्र दिलशाद अफसर वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हैं। निधन की खबर मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पाण्डेय, हाजी मो. नजीर, सैयद तारिक हुसैन, अरूण पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, डॉ. अमरेंद्र पाण्डेय, अहमद जमाल अंसारी, अतीक सिद्दीकी, मौलाना सेराज अहमद, रियाज अहमद, डॉ. अखिलेश शर्मा, शांति देवी, मुहम्मद परवेज अख्तर, सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, गौहर अली खां, सुबोध यादव, मुहम्मद अहमद, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, शोएब अहमद नदवी, पंकज राव, महेश कुमार, विजय कुमार शुक्ला आदि ने शोक व्यक्त किये हैं।

# नवीन सब्जी मंडी में व्यापारी की दुकान में लगी भीषण आग

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में शुक्रवार को एक व्यापारी की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी हजारों की नगदी सहित लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित व्यापारी ने अज्ञात व्यक्ति पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।कस्बा निवासी व्यापारी विकास गोयल ने बताया कि उसकी नवीन सब्जी मंडी में दुकान है। शुक्रवार को वह अपने भाई नितिन गोयल के साथ दुकान के अंदर बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे दुकान में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर दमकल विभाग की टीम को बुलाया गया दमकल विभाग की टीम नेआसपास मौजूद व्यापारियों और लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।पीड़ित के अनुसार आग लगने से दुकान में रखी 65 हजार रुपये की नगदी सहित करीब तीन लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है। व्यापारी ने अज्ञात व्यक्ति पर जानबूझकर आग लगाने की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना पर बड़े निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि व्यापारी की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी में टूटे बिजली खंभों से किसानों की बढ़ी परेशानी



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र में कई दिन पूर्व आई तेज आंधी किसानों पर भारी पड़ रही है। आंधी के दौरान बिजली के कई खंभे टूट जाने से किसानों की ट्यूबवेलों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। इससे खेतों में सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है और गन्ने की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

किसानों का आरोप है कि आंधी के बाद से विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक टूटे खंभों को बदलकर बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं कराई गई है। बिजली न मिलने से ट्यूबवेल बंद पड़े हैं और फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है।

किसान कृष्ण, प्रयास, बबलू, वंश समेत दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी आलोक यादव को पत्र भेजकर जल्द विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उनकी गन्ने की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# चौराहों पर भीषण धूप से लोगों को बचायेगी ग्रीन नेट

वेलकम इंडिया संवाददाता



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर भीषण गरमी से लोगों को राहत के लिए नगर निगम ने एक और नयी व प्रभावी पहल की है। शहर के अनेक प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट लगायी गयी है, जिससे चिलचिलाती तेज धूप से लोगों को बचाया जा सके। इसके अलावा इन चौराहों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम भी लगाया जा रहा है। जिससे तापमान में न केवल कमी आयेगी बल्कि पानी की हल्की फुहार लोगों को सुखद और शीतलता का अहसास भी करायेगी। लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए शहर में 15 नये स्थानों पर कूलर भी लगवाए गए हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए लगातार ठोस काम कर रहा है। भीषण गरमी को देखते हुए निगम ने एक ऐसी प्रभावी पहल की है जिससे लोगों को निश्चय ही राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर टैजफिक व्यवस्था के चलते लोगों को कुछ देर रुकना पड़ता है। लेकिन तेज धूप और तपिश के कारण थोड़ी देर खड़ा हो पाना भी मुश्किल हो जाता है। इन चौराहों पर प्रतीक्षा के दौरान सिर पर सीधे पड़ने वाली धूप से लोगों को बचाने के लिए मार्गो पर बाई ओर की साइड में ग्रीन नेट लगवायी गयी है। महापौर ने बताया कि उक्त चौराहों पर ग्रीन नेट के साथ ही मिस्ट स्प्रे सिस्टम भी लगवाये जा रहे हैं। मिस्ट स्प्रे से पानी की हल्की फुहार गरमी में लोगों को राहत देने का काम करेगी। इसके अलावा शहर में 15 स्थानों पर और नये कूलर लगवाये गये है ताकि लोगों को भीषण गरमी में शीतल जल उपलब्ध हो सके। जबकि 38 कूलरों के माध्यम से पहले ही लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा है। महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि कलक्ट्रेट, दीवानी कचहरी, हसनपुर चौराहा, घंटाघर व हॉस्पिटल चौराहे पर ग्रीन नेट व मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगवाये जा रहे हैं। अनेक चौराहों पर लगा दिए गए है बाकि चौराहों पर ग्रीन नेट लगाने का कार्य दो दिन में पूरा कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि महापौर व नगरायुक्त के निर्देश पर बेहट रोड बस स्टैण्ड के पास, रविदास छात्रावास रिमाउण्ट डिपो के पास, अम्बेडकर छात्रावास सड़क दूधली, वार्ड 27 बालाजी धाम मंदिर, नुमाईश कैंप पानी की टंकी जोन कार्यालय, जैन इण्टर कॉलेज, भाजपा कार्यालय दिल्ली रोड, सदर थाना, बुढ्ढी माई चौक मंदिर के पास, पिंजौरा अम्बेडकर मूर्ति के पास, शारदा नगर गोरा मंदिर के पास, मनोहरपुर जोन कार्यालय व स्कूल के पास, आईएमए भवन के पास, वार्ड 41 में शिव मंदिर के पास तथा जोन-2 हकीकत नगर में नये कूलर लगाए गए हैं।

# सपा सांसद इकरा हसन सहित 7 नामदर्ज व 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** कैराना सांसद इकरा हसन सहित सात लोगों को नामजद करते हुए 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शामली के जसाला के मोनू कश्यप हत्याकांड के पीड़ितों के साथ दो दिन पहले डीआइजी से मिलने पहुंची कैराना सांसद इकरा हसन पर समर्थकों संग जाम लगाने का आरोप है। पांच लोगों को हिरासत में लेने के बाद थाने में भी देर रात तक हंगामा चला था। 19 मई को कैराना सांसद इकरा हसन शामली जिले के जसाला गांव में मोनू कश्यप हत्याकांड के पीड़ित स्वजन के साथ डीआइजी से मिलने आई थीं। उनके साथ मृतक मोनू की मां भी थी। सांसद इकरा ने डीआइजी अभिषेक सिंह पर संतोषजनक जवाब नहीं देने का आरोप लगाया था। जब सांसद डीआइजी कार्यालय में थीं तब उनके समर्थक बाहर खड़े थे। यातायात व्यवस्था बिगड़ने पर सांसद इकरा हसन को पुलिस हिरासत में लेकर महिला थाना ले आई थी। हालांकि कुछ देर बाद छोड़ दिया था। इस दौरान महिला थाने में भी काफी देर तक बहसा-बहसी और गहमागहमी की स्थिति बनी रही थी। पुलिस ने पूर्व राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप समेत कुछ समर्थकों का शांतिभंग की धाराओं में जेल भेज दिया था। इसके बाद सांसद इकरा हसन देर शाम कार्यकताओं के साथ कोतवाली सदर बाजार पहुंची और धरना पर बैठ गई। इस दौरान देर रात तक कोतवाली में हंगामा चलता रहा। बाद में सहमति बनी की अगले दिन सुबह जेल भेजे गए आरोपितों को छोड़ दिया जाएगा। अगले दिन पांचों को जमानत मिल गई।

# कथाव्यास लोकेशानंद जी महाराज की वाणी सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर राजस्थान।** ग्राम अधन्नपुर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पावन अवसर पर चौथे दिन पूज्य कथाव्यास परम पूजनीय बाल ब्रह्मचारी लोकेशानंद जी महाराज अवधूत द्वारा भगवान के विभिन्न अलौकिक प्रसंगों का दिव्य रसपान कराया गया। कथा के दौरान नवधा भक्ति, दक्ष प्रजापति प्रसंग और भक्त शिरोमणि ध्रुव के पावन चरित्र का जीवंत वर्णन सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास लोकेशानंद जी महाराज ने दक्ष प्रजापति प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि अहंकार मनुष्य के विवेक को नष्ट कर देता है। राजा दक्ष ने अपने पद और प्रतिष्ठा के मद में आकर देवों के देव महादेव का अपमान किया, जिसका परिणाम उनके विनाश के रूप में सामने आया। सती के आत्मदाह और वीरभद्र द्वारा यज्ञ विध्वंस की कथा सुनाते हुए महाराज जी ने संदेश दिया कि भगवान शिव कल्याण के प्रतीक हैं और उनके प्रति किया गया अपराध अंततः सर्वनाश का कारण बनता है। ध्रुव चरित्र का चित्रण करते हुए महाराज जी ने बताया कि मात्र पांच वर्ष की अल्पायु में माता सुरुचि के कटु वचनों से आहत होकर ध्रुव जी वन की ओर निकल पड़े थे। अपनी माता सुनीति की प्रेरणा और देवर्षि नारद के मार्गदर्शन से उन्होंने 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' महामंत्र का जप कर छह महीने की कठोर तपस्या से भगवान नारायण को प्रकट होने पर विवश कर दिया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बच्चों और युवाओं को जीवन में दृढ़ संकल्प रखने की सीख दी। महाराज जी ने नवधा भक्ति के नौ सोपानों यथा श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कलियुग में ईश्वर को प्राप्त करने का सबसे सरल माध्यम भगवान का नाम संकीर्तन और उनके चरणों में पूर्ण आत्मसमर्पण है। कथा के मुख्य यजमान सोबरन सिंह अरेला और भगवंत प्रसाद अरेला सहित राजेश मरैया, संतोष, मोतीराम शर्मा, योगेश चौबे, ब्रजमोहन, दिनेश चंद्र रावत, बृजेश उपाध्याय, राजकुमार बित्थरिया, शाशिकांत, कृष्णकांत, पुरुषोत्तम, भीमसेन, लोकेंद्र, आदित्येन्द्र व अन्य भक्तजनों ने व्यासपीठ का पूजन किया और श्रीमद्भागवत जी की दिव्य आरती उतारी। महाराज जी व संगीत कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे और पूरा अधन्नपुर ग्राम 'जय श्री कृष्ण' और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय भक्तगण उपस्थित रहे।

# कोल्ड ड्रिंक पिलाने का विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर में कोल्ड ड्रिंक पिलाने का विरोध करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया गया। पीड़ित ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी बिजेपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव का ही एक व्यक्ति शराब के नशे में मिला और जबरदस्ती उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाने लगा।

विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया।शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# आसमान से बरस रही आग से लोग परेशान

## भीषण गर्मी के कारण आमजन जन मानस त्राहि त्राहि करता हुआ नजर आ रहा है

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर।** सूर्य देव के तल्ख.तेवरों का कहर लगातार जारी है। आसमान से बरस रही आग में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।भीषण गर्मी के कारण आमजन जन मानस त्राहि त्राहि करता हुआ नजर आ रहा है। जयेठ मांस की तपिश से शरीर झुलस रहा है। गर्मी अपने शबाब पर अधिकतम पारा 43 के ऊपर जा पहुंचा है।

शिकारपुर के लोग सुबह उठते ही आसमान की ओर निहारते हैं बारिश का इंतजार करते हैं बादल छाए रहने पर उमस भरी गर्मी के कारण पसीना थमने का नाम नहीं ले रहा है।टंकी का पानी दोपहर को उबल रहा है। कूलर हवा गर्म दे रहे हैं।

घरों से वही लोग बाहर निकल रहे हैं जिन्हें जरूरी काम से जाना है। बुजुर्ग एवं बच्चे घरों में कैद हैं। फिलहाल मौसम के बदलाव के आसार नहीं हैं। गर्मी का सितम बना रहेगा। बारिश न होने से किसान मायूस हैं।

इससे पशुओं के चारे का संकट गहरा गया है। किसान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए प्रार्थना की जा रही है की मानसून जल्द से जल्द दस्तक दे। जिससे तपती जमीन को राहत मिल सके। दूसरी ओर भीषण गर्मी के कारण पशु पक्षी भी छाव की तलाश में भटकते देखे जा सकते हैं।

शुक्रवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। दोपहर के समय हालात यह रहे कि आसमान से मानो आग बरस रही हो और सड़कें तवे जैसी गरम हो गई है। तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी से लोगों को कहीं चैन नहीं मिल पा रहा है। तेज धूप में भी लोगों के पसीने निकाल रही हैं। तपिश के चलते सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया। सुबह से ही गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया। भीषण गर्मी से बचने के लिए राहगीर और वाहन चालक छाव तलाशते हुए नजर आ रहे थे। आलम यह था कि चिलचिलाती धूप में सड़कों पर सन्नाटा जैसा माहौल था। तमाम इंतजाम के बाद भी राहत नहीं मिल सकी। मुंह के थपेड़ों से लोग झुलसते रहे। तेज धूप में लोगों को घर में रहने को मजबूर कर दिया। धूप के कारण मकान भी तप रहे हैं जिसके चलते घरों में लगे एसी व कूलर भी पूरी तरह फेल नजर आ रहे हैं। गर्मी के चलते गलियां सुनसान पड़ी हुई है । सड़क पर चलने वाले लोग अपना चेहरा ढककर निकले तो वहीं इस दौरान गन्ने के रस बेचने वाले आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा सकती है ।

### सेहत को लेकर लापरवाही न बरते

गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इस मौसम में खुद का बचाव व एहतियात बरतना ही सबसे बड़ा उपाय है। शिकारपुर सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर का कहना है कि स्वस्थ रहने के लिए इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिए जिससे पसीना निकले और शरीर का तापमान नियमित हो सके।मौसम में ककड़ी तरबूज खरबूजा पपीता आम का गन्ना जूस दही लस्सी आदि का सेवन लाभकारी माना जाता है।

# थाना प्रभारी भुवनेश कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

## नवागत थाना प्रभारी नीरज कुमार शर्मा किया गया जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** अहार थाना परिसर में नवांगतुक थाना प्रभारी अहार नीरज कुमार शर्मा का भव्य स्वागत किया गया और भुवनेश कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गई।

थाना प्रभारी, निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह के कार्यकाल की भूरि भूरि प्रशंसा ग्रामीणों ने की और बताया कि लोग भयमुक्त होकर घूम रहे थे। करीब नौ महीने कार्यकाल सर्वश्रेष्ठ रहा।

नवांगतुक अहार थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज शर्मा को शुभचिंतकों ने फूल मालाओं से लाद दिया।इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष चन्द्र शर्मा, मुदस्सिर ठेकेदार, सुभाष चंद्र, राहुल करण, तेजवीर सिंह, उपनिरीक्षक अनुज कुमार,गयूर अहमद,राहत अली, जयवीर सिंह, दिनेश मलिक समेत अभिषेक सिंह, मयंक त्यागी, विशाल चौधरी, धर्मेन्द्र






कुमार, जयप्रकाश सिंह,राम सुनील कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आम की मशहूर चौंसा प्रजाति पर छाया खतरा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** भाजपा नेता (पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा) हेमंत लोधी में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से लखनऊ में मुलाकात कर अवगत कराया कि स्याना फल पट्टी क्षेत्र स्याना ब्लाक क्षेत्र में आम की मशहूर प्रजाति चौंसा पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। आम के वृक्षों में स्तंभोरार (तना छेदक) नामक रोग पसर रहा है, जिसकी चपेट में आम के 75 फीसदी वृक्ष आने से भारी नुकसान हो चुका है। यह आम के पेड़ों में लगने वाला सबसे खतरनाक कीट/रोग है तथा चौंसा आम की मशहूर प्रजाति खतरे में है। हेमंत लोधी ने उक्त रोग से आम के वर्षों के बचाव हेतु विभाग के अधिकारियों को आदेशित किए जाने की आवश्यकता जताई। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभाग के अपर निदेशक को जिले की विभाग की टीम भेजकर जरूरी कार्रवाई के आदेश दिए। जिस पर शुक्रवार को पौध संरक्षण अधिकारी अर्चना वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश अरुण व कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ रिशु सिंह ने बाग का निरीक्षण किया। उक्त अधिकारियों के दल ने बीमारी की चपेट में आए वृक्षों का गहनता से निरीक्षण किया तथा आवश्यक उपाय भी बताए।

# आधी रात में जब शहर सोया था तब जनप्रतिनिधि जाग रहे थे

## रात्रि 2:30 बजे मौके पर पहुंचे विधायक राजीव गुम्बर व पार्षद राहुल झाम्ब, स्थानीय नुमाइश कैम्प जेई को बुलाकर ठीक कराई बिजली

राजीव मोंगरा





**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** भीषण गर्मी के बीच गोपाल नगर क्षेत्र में सतगुरु दयाल मंदिर के सामने अचानक एक फेज उड़ जाने से सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। देर रात नागरिकों की परेशानी की सूचना मिलते ही जनप्रतिनिधि तत्काल हरकत में आ गए। नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं स्थानीय पार्षद राहुल झाम्ब रात्रि करीब 2:30 बजे स्वयं मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनों नेताओं ने तत्काल स्थानीय नुमाइश कैम्प जेई को फोन कर व्यवस्था प्रभावित स्थल पर बुलाया। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और सख्त निर्देश के बाद बिजली विभाग की टीम ने युद्धस्तर पर कार्य कर फॉल्ट को ठीक किया और बिजली आपूर्ति बहाल कराई। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिक भी मौके पर मौजूद रहे और आधी रात में समस्या का समाधान होते देख राहत की सांस ली।

विधायक राजीव गुम्बर ने इस दौरान कहा, की 'जनसेवा का कोई निश्चित समय नहीं होता। जनता ने जो विश्वास हम पर जताया है, उस पर खरा उतरना हमारा पहला धर्म है। गर्मी में बिजली न होना किसी त्रासदी से कम नहीं, इसलिए हम स्वयं मौके पर आए।' पार्षद राहुल झाम्ब ने कहा की 'सतगुरु दयाल मंदिर जैसे व्यस्त क्षेत्र में फेज फॉल्ट से पूरा इलाका अंधेरे में था।

विधायक जी के नेतृत्व में हमने तत्काल बिजली विभाग को सक्रिय किया। हम विभाग से यह भी मांग करते हैं कि जर्जर तारों और ओवरलोड ट्रांसफार्मर की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि जनता को बार-बार परेशानी न झेलनी पड़े।' स्थानीय निवासियों ने आधी रात को मौके पर पहुंचकर समस्या सुलझाने के लिए विधायक राजीव गुम्बर एवं पार्षद राहुल झाम्ब जी का हृदय से आभार व्यक्त किया और उनके जनसेवा भाव की सराहना की।

# 39 यूपी बटालियन एनसीसी खुर्जा के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-33 का शुभारंभ



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**शिकारपुर।** 39 यूपी बटालियन एनसीसी खुर्जा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-33 का शुभारंभ रज्जू भैया सैनिक स्कूल खंडवाया में कैंप कमांडेंट कर्नल मनु तिवारी, सेना मेडल के निर्देशन में किया गया। यह शिविर 30 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के उद्घाटन अवसर पर कैंप कमांडेंट ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए आपसी सहकार, भाईचारे एवं टीमवर्क की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने हेतु समयबद्धता, निरंतर क्रियाशीलता एवं अनुशासन अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही कैडेट्स को शिविर के दौरान संचालित होने वाली विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों एवं विषयों की जानकारी भी प्रदान की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। प्रत्येक कैडेट को एक आदर्श एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए सदैव सकारात्मक प्रयास करते रहना चाहिए। शिविर में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं।

# मारपीट के वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लेकर की कार्रवाई

वेलकम इंडिया संवाददाता





**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना पुलिस क्षेत्राधिकारी रामकरन सिंह ने बताया कि थाना खानपुर क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें दो पक्ष आपस में लडते हुए दिखाई दे रहे हैं।

थाना खानपुर पुलिस को उक्त वीडियो का संज्ञान लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। खानपुर पुलिस द्वारा वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच की गई, जिस पर पता चला कि उक्त वीडियो ग्राम गुरावली थाना खानपुर क्षेत्र का है।

वीडियो में ग्राम गुरावली निवासी अंकित शर्मा के साथ 2 युवक मारपीट करते हुए दिखायी दे रहे थे। सीओ ने बताया कि अंकित शर्मा से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खानपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत किया गया है।

मारपीट करने वाले युवकों की पहचान गांव गुरावली निवासी मनीष व चेतन शर्मा के रुप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रामकरन सिंह ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी है।

पुलिस द्वारा शीघ्र ही दोनों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। बताया कि दोनो पक्ष आपस में संबंधी हैं।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध सभी एकजुट होकर लड़े, तभी होगा भ्रष्टाचार जैसे दानव का खात्मा

राजीव मोंगरा



**देवबंद/सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने देवबंद के विद्युत निगम कार्यालय में औचक छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की। विद्युत निगम देवबंद के उपखंड अधिकारी (SDO) दिनेश कुमार मौर्य और प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद साकिर को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता देवबंद थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला उपभोक्ता बताया जा रहा है, जिसने आटा चक्की के कनेक्शन को पास कराने के बदले रिश्वत की मांग का आरोप लगाया था। इस शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने विद्युत निगम कार्यालय पर अचानक दबिश डाली और दोनों को रुपयों के साथ बेनकाब कर दिया। गिरफ्तारी के बाद हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन टीम ने रुद्ध दिनेश मौर्य और ऑपरेटर मोहम्मद साकिर को हिरासत में लेकर सीधे गाजियाबाद के लिए रवाना कर दिया। इस कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग और स्थानीय प्रशासनिक महकमे में सनसनी फैल गई है।

# भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने किया संगठन का विस्तार





वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर/बुलंदशहर।** शुक्रवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव अजनारा में तहसील अध्यक्ष गौरव चौधरी के नेतृत्व में पंचायत का आयोजन किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने बिजली विभाग के द्वारा जर्जर खंबे और तार बदलवाने व बिजली कटौती से किसान परेशान सहित शिकारपुर क्षेत्र में यूरिया की कमी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है इसी क्रम में संगठन को मजबूत कर आंदोलन करने की रणनीति तैयार की गई जिसमें विस्तार के दौरान चौधरी हरेंद्र सिंह ब्लॉक महामंत्री, हरेंद्र पीएनबी ब्लॉक सचिव, अनिल कुमार ग्राम अध्यक्ष युवा अजनारा, देवेंद्र चौधरी ग्राम संरक्षक, अशोक चौधरी ग्राम प्रभारी अजनारा के पद पर मनोनीत करते हुए एनसीआर अध्यक्ष चौधरी नरेश प्रधान ने कहा अब किसानों का शोषण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक कैप्टन चौधरी विक्रम सिंह ने की। इस मौके पर बंटी सिंह लोधी, फौजी रूप सिंह चौधरी, जीतू शर्मा ग्राम अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# सपना चौधरी के अश्लील डांस मामले में बहस पूरी, फैसला सुरक्षित

**मुरादाबाद(वेलकम इंडिया)।** हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के खिलाफ 2019 में दर्ज हुए अश्लील डांस मामले में मंगलवार को अउखट कोर्ट संख्या 5 में अंतिम बहस पूरी हो गई। अदालत ने बहस सुनने के बाद पत्रावली को आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया है। 11 जून 2019 को सपना चौधरी मुरादाबाद रेलवे स्टेडियम में एक कार्यक्रम में पहुंची थीं। आरोप है कि उन्होंने वहां अश्लील डांस किया था, जिससे भीड़ उत्तेजित होकर बेकाबू हो गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था, जिसमें कई दर्शक घायल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए देर रात तक ऊख बजाया गया था। इससे शहर में जाम लग गया था और सरकारी धन का दुरुपयोग भी हुआ था। इस घटना से नाराज होकर गायत्री नगर निवासी अपना दल कमेरावादी के मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कार्रवाई के लिए रड सिविल लाइन और ररढ को प्रार्थना पत्र दिए थे। कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने अधिवक्ता वैभव अग्रवाल के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरादाबाद की अदालत में वाद दायर किया था। मामले की सुनवाई अउखट कोर्ट संख्या 5 में चल रही है। शुक्रवार को अंतिम बहस के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# सपना चौधरी के अश्लील डांस मामले में बहस पूरी, फैसला सुरक्षित

**मुरादाबाद(वेलकम इंडिया)।** हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के खिलाफ 2019 में दर्ज हुए अश्लील डांस मामले में मंगलवार को अउखट कोर्ट संख्या 5 में अंतिम बहस पूरी हो गई। अदालत ने बहस सुनने के बाद पत्रावली को आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया है। 11 जून 2019 को सपना चौधरी मुरादाबाद रेलवे स्टेडियम में एक कार्यक्रम में पहुंची थीं। आरोप है कि उन्होंने वहां अश्लील डांस किया था, जिससे भीड़ उत्तेजित होकर बेकाबू हो गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था, जिसमें कई दर्शक घायल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए देर रात तक ऊख बजाया गया था। इससे शहर में जाम लग गया था और सरकारी धन का दुरुपयोग भी हुआ था। इस घटना से नाराज होकर गायत्री नगर निवासी अपना दल कमेरावादी के मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कार्रवाई के लिए रड सिविल लाइन और ररढ को प्रार्थना पत्र दिए थे। कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने अधिवक्ता वैभव अग्रवाल के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरादाबाद की अदालत में वाद दायर किया था। मामले की सुनवाई अउखट कोर्ट संख्या 5 में चल रही है।

# लाखों की लागत से बने तालाब पड़े सूखे, प्यास से बेहाल आवारा पशु और नीलगाय

## जिम्मेदारों की अनदेखी से बेजुबानों पर मंडरा रहा संकट

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शुकुल बाजार/अमेठी।** एक ओर सरकार जल संरक्षण और पशुओं के लिए पेयजल व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर शुकुल बाजार क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बने तालाब आज बदहाली की तस्वीर पेश कर रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच अधिकांश तालाब सूख चुके हैं, जिससे आवारा पशु, गौवंश और नीलगाय पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। क्षेत्र के कई गांवों में बने तालाबों में इस समय पानी की एक बूंद तक नहीं बची है। कभी पशुओं की प्यास बुझाने वाले ये तालाब आज केवल सूखी मिट्टी और उगी झाड़ियों तक सीमित होकर रह गए हैं। हालात इतने खराब हैं कि पशु प्यास बुझाने के लिए खेतों, घरों और सड़क किनारे भटकते दिखाई दे रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि तालाब निर्माण में लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन रखरखाव और जलभराव की कोई व्यवस्था नहीं की गई। समय-समय पर सफाई न होने से तालाबों में मिट्टी भर गई और पानी रुकना बंद हो गया। गर्मी बढ़ते ही स्थिति और भयावह हो गई है। पानी की तलाश में नीलगाय और आवारा पशु आबादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच रहे हैं, जिससे किसानों की फसलें भी नुकसान की चपेट में आ रही हैं। किसानों का कहना है कि रात-दिन खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है, फिर भी फसलों को बचाना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तालाबों में पानी भरवाने और उनकी सफाई कराने की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में पशुओं के सामने बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि बेजुबान जानवरों की इस पीड़ा पर जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं। न तो किसी अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया और न ही अब तक कोई ठोस कदम उठाया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सूख चुके तालाबों को तत्काल पुनर्जीवित कराया जाए, जलभराव की व्यवस्था हो तथा पशुओं के लिए स्थायी पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में बेजुबानों को राहत मिल सके।

# बाबा खाटू श्याम चतुर्थ वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन,उमड़ा आस्था का सैलाब



**जहांगीराबाद(वेलकम इंडिया)।** नगर के चमेली देवी बारात घर में प्रत्येक वर्ष की भांति बुधवार रात आयोजित खाटू श्याम बाबा के चतुर्थ वार्षिक महोत्सव में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भव्य आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और देर रात तक चले भजन संध्या कार्यक्रम में भक्तिरस में डूबे रहे। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा, वहीं रंग-बिरंगी सजावट और मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व समाजसेवी सुबिन भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात बाबा श्याम की विधिवत आरती उतारी गई और छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। अलौकिक श्रृंगार से सजे बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खड़े होकर माथा टेका और अपने परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। भजन संध्या में देश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। हिसार के प्रसिद्ध भजन गायक अभिनव ऐरन ने अपने मधुर स्वरों से ऐसा जादू बिखेरा कि श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। उन्होंने कन्हैया मित्तल के लोकप्रिय भजन 'हारे के सहारे, आजा तेरा दास पुकारे' तथा 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर पूरे पंडाल को राष्ट्र और भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। वहीं वृंदावन से आईं प्रख्यात भजन गायिका नीशु शर्मा ने भी अपनी जादुई आवाज से भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने 'खाटू वाला श्याम धणी मेरा यार है' और 'मुझे चढ़ गया श्याम रंग' जैसे सुप्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु देर रात तक हाथों में श्याम ध्वज लेकर नाचते-गाते नजर आए। इस अलौकिक और भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर के सौरभ विरदी, राजेश गोयल, गौरब विरदी, गौरब बंसल (मेडिकल), शिवम गुप्ता, प्रियंक, दीपांशु, मोनू चौबे, मोहित अग्रवाल, रौनक बंसल, रोहित अग्रवाल, मोहित चौबे, भावना गोयल, लक्ष्मी बंसल, मोनिका गर्ग, प्रिया गुप्ता आदि समस्त भक्तों का विशेष सहयोग रहा। देर रात महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में पधारे सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए बाबा श्याम से सभी के कल्याण की कामना की।

# जल-सेवा महादान,एक बूंद, हजारों जीवन: गौरव

## जंगल में 10 ड्रम जंगली पशुओं की जल सेवा हेतु गाड़े

अनिल वशिष्ठ





**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भीषण गर्मी में मनुष्य और मूक पशु-पक्षी सभी पानी के लिए व्याकुल हैं। इसी को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश महामंत्री गौरव राघव ने जल सेवा अभियान का शुभारंभ किया है।

राघव ने कहा कि एक-एक बूंद जल बचाएगा जीवन इसी संकल्प के साथ परिषद ने प्रदेश भर में जल-सेवा का पुण्य कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि आपके गली-मोहल्ले में कहीं पर पानी रखा जा सकता है या जो व्यक्ति इस पुण्य कार्य में सहयोग करना चाहते हैं, वे हमसे संपर्क करें। हम सब मिलकर ऐसे स्थान बनाएंगे, जिसे कुत्ता, बिल्ली, गाय और सड़कों पर घूमने वाले पशु-पक्षी पीकर अपनी प्यास बुझा सकें, और राहगीर भी पीने योग्य ठंडा पानी पाकर राहत पा सकें। गौरव राघव ने बताया कि जन सेवा अभियान के अंतर्गत मोदीनगर तहसील के राष्ट्रीय बजरंग दल अध्यक्ष देवेंद्र सेन के नेतृत्व में कार्यकर्ता मोनू सैन, अंकुर सैन, अंकित तोमर, अंकित कश्यप ने अतरौली के जंगल में 10 ड्रम जंगली पशुओं की जल सेवा हेतु गाड़े है।

कार्यकताओं ने इन ड्रमों को गोद लेकर इनकी निरंतर सेवा हेतु संकल्प लिया है, जिससे भीषण गर्मी में वन्य जीवों को नियमित जल उपलब्ध हो सके। गौरव राघव ने सभी से इस पुण्य कार्य हेतु समाजिक सभी वर्ग के लोगों से सहयोग की अपेक्षा की हमें आवश्यकता है:-मिट्टी के मटके पशु-पक्षियों के लिए,पानी भरने योग्य वस्तु,बाल्टी, टब, नांद, वाटर कूलर, सिंटेक्स टंकी आदि सार्वजनिक प्याऊ लगाने हेतु श्रमदान करें। रोज पानी भरने व देखरेख के लिए 1-2 घंटे का समय दे। यदि आप मटके, वाटर कूलर, सिंटेक्स टंकी या अन्य पानी रखने की वस्तु दान करना चाहते हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें।

जल ही जीवन है। आपका एक छोटा प्रयास किसी की बड़ी राहत बन सकता है। आइए, इस भीषण गर्मी में जीव-सेवा के माध्यम से नर-सेवा, नारायण सेवा का पुण्य अर्जित करें।

# मस्ती के रंग में डूबा मोदीनगर मेला, झूलों से लेकर जायकों तक उमड़ी भीड़

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एम. एम. डिग्री कालेज का प्रसिद्ध मेला इन दिनों लोगों के आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है। शाम ढलते ही मेला परिसर रंग-बिरंगी रोशनी, तेज म्यूजिक और लोगों की भीड़ से पूरी तरह गुलजार हो उठता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई मेले की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। खासकर युवाओं में बड़े झूलों और सेल्फी प्वाइंट्स को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है ।मेले में लगे ड्रैगन ट्रेन, ब्रेक डांस, टोरा-टोरा और विशाल झूलों पर देर रात तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। बच्चों ने खिलौनों और गेम स्टॉल्स पर जमकर मौज-मस्ती की, जबकि महिलाओं ने कपड़ों, कृत्रिम आभूषणों और घरेलू सामान की दुकानों पर खरीदारी की। मेले में लगी चाट-पकौड़ी, मोमोज, कुल्फी और जलेबी की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। स्वाद और मनोरंजन का यह संगम लोगों को बार-बार मेले की ओर खींच रहा है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद दिखाई दी। पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक लगातार मेले में गश्त करते नजर आए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं आयोजकों का कहना है कि इस बार मेले में पहले से अधिक आकर्षक झूले और मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं, जिससे लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। रात होते-होते पूरा मेला रंगीन रोशनी में नहा उठा और डीजे की धुनों पर युवा झूमते दिखाई दिए। कुल मिलाकर मोदीनगर का यह मेला लोगों के लिए मनोरंजन, खरीदारी और स्वाद का शानदार ठिकाना बन चुका है।

# महाशय सतपाल दौसा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित





अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** रागनी जगत के सम्राट से पहचान बनाने वाले महाशय सतपाल दौसा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम गांव बंजारपुर दौसा के वैदिक संस्कृति स्कूल में आयोजित किया। कार्यक्रम जगत सिंह दौसा व परिवार ने किया। इस कार्यक्रम में सतपाल दौसा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सतपाल दौसा के शिष्यों ने उनके लिखित रागनी प्रस्तुत कर उनको याद किया। इस कार्यक्रम में रामपाल चौधरी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में रामपाल चौधरी ने उनके साथ बिताये बातों को साझा किया, और उनको एक सरल व बेहतरीन लेखक व रागनी गायक बताया, और कहा की ऐसे व्यक्तित्व मरते नहीं बल्कि अमर रहते है। जो हमेशा यादों में रागनी के रूप में जीवित रहते है। और महाशय सतपाल दौसा की याद में भंडारे का आयोजन प्रसाद के रूप में किया। इस कार्यक्रम में सैंकड़ो गणमान्य लोगो ने भाग लिया।

# रूस में गूंजा आईपीईसी का नाम, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व

## शिक्षा, शोध और तकनीकी सहयोग को लेकर 17 देशों के विशेषज्ञों ने की चर्चा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज ने रूस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ह्लयूरेशियन नेटवर्क ऑफ यूनिवर्सिटीज सम्मेलनह्व में भाग लेकर देश का गौरव बढ़ाया। यह सम्मेलन अस्त्राखान तातीश्चेव स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया के 17 देशों के विश्वविद्यालयों और शिक्षा विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में आईपीईसी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल एवं प्लेसमेंट निदेशक आकांक्षा अग्रवाल का विशेष सम्मान और स्वागत किया गया। भारत की ओर से उनकी भागीदारी को सम्मेलन में महत्वपूर्ण माना गया। इस अवसर पर पुनीत अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्र विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त शोध, नई तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में देशों के बीच बेहतर संबंध विकसित करने पर जोर दिया ।सम्मेलन को संबोधित करते हुए अस्त्राखान स्टेट यूनिवर्सिटी के मेंटर डॉ. इगोर अलेक्सेयेव ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, ईरान, बेलारूस सहित 17 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, संयुक्त शोध परियोजनाओं, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और विद्यार्थियों के लिए वैश्विक अवसरों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में आईपीईसी की सक्रिय भागीदारी को विशेष सराहना मिली।

# जिला कारागार मे विधिक सहायता डेस्क का शुभारंभ किया गया




वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज एस.एल.एस.ए. के निदेशों के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार डासना में बन्दियों एंम उनके परिजनों को विधिक सहायता प्रदान करने हेतू स्थाई विधिक सेवा डेस्क का शुभारंभ सचिव जिला विधिक प्राधिकरण नेहा बनोधिया द्वारा किया गया जेलर के के दिक्षीत व डिप्टी जेलर अभिषेक पाण्डेय के द्वारा कैदियों से मिलवाया गया सचिव जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा कैदियों की समस्या सुनी गई जो कैदी जमानत होने के बाद भी जेल में बन्द है। उन कैदियो के परिजनों से मिलने के लिए जेल अधिकारियों को कहा कि उनका प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक प्राधिकरण कार्यालय में भेजे। कुछ कैदियों के जमानती नही मिल रहे है, उनके लिए भी प्रार्थना पत्र लिखने के आदेश किये गये। तथा जिला कारागार में चल रहे स्कूल व कम्प्यूटर सेन्टर का निरीक्षण किया गया। जिसमे पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल चीफ लीगल डिफेंस किरन पाल सिंह, लीगल डिफेंस काउंसलर अनीता, पी0एल0वी0 दुर्गे शर्मा, व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# मोदीनगर तहसील में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की उठी मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन जावेद पुत्र हामीद निवासी ग्राम त्यौड़ी तेरह बिस्वा, तहसील मोदीनगर, जिला गाजियाबाद द्वारा तहसील प्रशासन को दिया गया। ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर उसे संवैधानिक सम्मान दिया जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। देश की बहुसंख्यक आबादी गाय को माता का दर्जा देती है और उसे पूजनीय मानती है। भारतीय कृषि व्यवस्था में गौवंश का योगदान सदियों से महत्वपूर्ण रहा है। दुग्ध उत्पादन, जैविक खेती और ग्रामीण जीवन में गाय की भूमिका अतुलनीय मानी जाती है।

ज्ञापन देने वालों ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति की पहचान है और गौ संरक्षण के लिए केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाता है तो इससे गौवंश संरक्षण को मजबूती मिलेगी और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि गाय के प्रति देशवासियों की आस्था और भावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ज्ञापन सौंपते समय तहसील परिसर में मौजूद लोगों ने अपनी मांग को लेकर समर्थन भी जताया।

मौके पर राजेश जाटव जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर-1, शेखर, दीपक, मनजीत, नरेश, अनुज, परविंदर चौधरी, सलीम तोमर और दिग्विजय कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे। तहसील प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# ट्रांसपोर्टरों का फूटा गुस्सा: बेवजह चालानों के विरोध में धरना, ट्रक खड़े कर जताया विरोध



वेलकम इंडिया संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का गुस्सा प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ खुलकर सामने आया। बेवजह चालान किए जाने के आरोप लगाते हुए ट्रांसपोर्टरों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और विरोध स्वरूप ट्रकों को खड़ा कर अपनी नाराजगी जाहिर की। धरने के दौरान ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि लगातार चालान की कार्रवाई से परिवहन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि बिना उचित कारण वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि सड़क दुर्घटनाओं की असली वजह ओवरलोडिंग है। ऐसे में प्रशासन को चालान अभियान चलाने के बजाय ओवरलोडिंग रोकने के लिए सख्त और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा कि यदि ओवरलोडिंग पर नियंत्रण किया जाए तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और परिवहन व्यवस्था भी बेहतर होगी। इसके साथ ही एसोसिएशन ने 130 मीटर रोड को नो-एंट्री मुक्त करने की मांग उठाई। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि इस मार्ग पर प्रतिबंध हटने से कंपनियों के लिए माल की ढुलाई तेज होगी और औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। प्रदर्शन के दौरान ट्रकों के खड़े होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बनी रही। वहीं एसोसिएशन ने साफ किया कि मांगों के समाधान तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।

# ट्रिनिटी स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन,बच्चे बहुत बढ चढ कर ले रहे हैं भाग



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अबूपुर, मुरादनगर में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यालय की प्री नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चे भाग ले रहे हैं।

दस दिवसीय शिविर का आरंभ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ संदीप रुहेला, प्रबंधिका श्रीमती रितु गोयल, विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपल रस्तोगी एवं उप प्रधानाचार्य श्रीमती शिखा गोयल के नेतृत्व में आरंभ हुआ।

शिविरार्थियों का आगमन सैल्फी बोर्ड पर प्रसन्न मुद्रा में फोटो शूटिंग से हुआ। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया` सबसे अधिक आकर्षक एक्टिविटी डांस, पेंटिंग, क्रिकेट, और स्विमिंग पूल की है, जिनमें बहुत बढ चढ कर, उत्साहित होकर बच्चे भाग ले रहे हैं ।स्वीमिंग पूल में तो बहुत मस्ती का माहौल है हर कोई इसका हिस्सा बनना चाहता है क्योंकि भीषण गर्मी से राहत जो दे रहा है।

विद्यालय में चारों ओर संगीत मय वातावरण है। प्रत्येक प्रति भागी में अपना उत्तम देने की तत्परता दिखाई दे रही है। क्रिकेटर्स तो ऐसा अभ्यास कर रहे हैं मानो आई पी एल की तैयारी कर रहे हों।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सम्मान समारोह सम्पन्न: गौतमबुद्ध नगर की 17 ग्राम पंचायतें हुईं सम्मानित



**गौतमबुद्धनगर(वेलकम इंडिया)।** गौतमबुद्धनगर में 'क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम' के अंतर्गत विकास भवन सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा स्थित सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका द्वारा की गई, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनपद की कुल 17 ग्राम पंचायतों को टीबी (क्षय रोग) मुक्त घोषित करते हुए सम्मानित किया गया। इनमें 02 ग्राम पंचायतों—चचूरा एवं दलेलपुर को रजत श्रेणी, 06 ग्राम पंचायतों—छायसा, रायपुर कला, शाहपुर खुर्द, लोडोना, माहारा एवं चुहड़पुर बांगर को सिल्वर श्रेणी तथा 09 ग्राम पंचायतों—इस्लामाबाद कलदा, बैरंगपुर उर्फ नई बस्ती, गुलावठी खुर्द, कैमराला चकरसेनपुर, नूरपुर, धनुबाश, मकनपुर खादर, मोडलपुर एवं जहाँगीरपुर को कांस्य श्रेणी में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने में ग्राम प्रधानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। घर–घर सर्वे, संभावित मरीजों की पहचान और जागरूकता अभियानों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर सराहनीय कार्य किया गया। सम्मान प्राप्त ग्राम प्रधानों ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी अपने गांवों को टीबी मुक्त बनाए रखने हेतु निरंतर सक्रिय रहेंगे।

# लाल कुआँ में यातायात व्यवस्था का एसीपी ने किया निरीक्षण, जाम नियंत्रण और सुचारू संचालन पर दिया जोर

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुचारू बनाने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात प्रथम) श्री रितेश त्रिपाठी ने लाल कुआँ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में यातायात संचालन व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया और मौके पर मौजूद यातायात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसीपी ने लाल कुआँ क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही, ट्रैफिक दबाव, जाम की संभावित स्थिति तथा यातायात प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी ली और यातायात संचालन को और अधिक व्यवस्थित बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। श्री रितेश त्रिपाठी ने यातायात कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रमुख मार्गों और चौराहों पर विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक जाम और असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही यातायात संचालन के दौरान अनुशासन, समन्वय और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। लाल कुआँ क्षेत्र शहर के व्यस्त इलाकों में शामिल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन रहता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखना प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण चुनौती होती है। निरीक्षण के दौरान इस बात पर भी जोर दिया गया कि यातायात संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और आमजन को बेहतर सुविधा मिल सके। यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर किए जा रहे निरीक्षण और समीक्षा अभियान का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना, जाम की समस्या को कम करना तथा नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। प्रशासन द्वारा आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के निरीक्षण अभियान जारी रखे जाएंगे।

# हरियाणा मार्का अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी: दादरी पुलिस ने 34 पेटी शराब और ब्रेजा कार सहित दो तस्करों को दबोचा



**गौतमबुद्धनगर(वेलकम इंडिया)।** थाना दादरी पुलिस को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हरियाणा मार्का अवैध शराब की 34 पेटियां तथा तस्करी में प्रयुक्त एक ब्रेजा कार बरामद की है। बरामद शराब की कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार दिनांक 22 मई 2026 को थाना दादरी पुलिस द्वारा चेकिंग और संदिग्ध वाहनों की जांच के दौरान दादरी बाईपास स्थित जारचा अंडरपास के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की और तलाशी लेने पर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सर्वेश पुत्र मनीराम निवासी ग्राम दैपुरा, थाना अटेर, जिला भिंड (मध्यप्रदेश), उम्र 32 वर्ष तथा निशांत पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कारेकपुरा, थाना अटेर, जिला भिंड (मध्यप्रदेश), उम्र करीब 20 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से हरियाणा मार्का अवैध शराब की कुल 34 पेटियां बरामद कीं।

# जन-सुविधाओं और आधुनिक तकनीक का संगम बना थाना मसूरी

## हाई-टेक सुविधाओं से सुसज्जित नवीनीकृत भवन, जन-मित्र पुलिसिंग की दिशा में गाजियाबाद पुलिस की ऐतिहासिक पहल













**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद जे. रविंदर गौड के कुशल निर्देशन में जनहित, पारदर्शिता एवं आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी एवं दूरदर्शी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना मसूरी को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कर पूर्ण रूप से पुनर्विकसित किया गया है, जिससे यह थाना अब जन-सुविधा, तकनीकी दक्षता एवं मानवीय संवेदनशीलता का एक उत्कृष्ट मॉडल बन गया है।

नवीनीकृत थाना परिसर में नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक प्रतीक्षालय, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सेवा यूनिट तथा सुव्यवस्थित प्रशासनिक कक्षों का विशेष रूप से विकास किया गया है। प्रतीक्षालय को आरामदायक, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाते हुए वहाँ पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय, दिव्यांगजन हेतु रैंप, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, वेंटिलेशन प्रणाली तथा डिजिटल सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मिशन शक्ति केंद्र में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मियों एवं परामर्शदाताओं की तैनाती की गई है। यहाँ पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुना जाता है तथा उन्हें त्वरित सहायता, काउंसलिंग, कानूनी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन कर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

साइबर सेवा यूनिट में आधुनिक तकनीकी संसाधनों से युक्त विशेषज्ञ टीम तैनात की गई है, जो ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अपराध, फिशिंग, ई-मेल हैकिंग एवं अन्य साइबर अपराधों की त्वरित जांच एवं निस्तारण सुनिश्चित करती है। इसके साथ ही नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है ताकि वे भविष्य में किसी भी प्रकार की डिजिटल ठगी से सुरक्षित रह सकें।

थाना परिसर को न केवल कार्यात्मक दृष्टि से मजबूत किया गया है, बल्कि उसे सौंदर्यपूर्ण एवं पर्यावरण अनुकूल स्वरूप भी प्रदान किया गया है। परिसर में हरियाली, पौधारोपण एवं आधुनिक डिजाइन का समावेश किया गया है, जिससे एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण तैयार हो सके। कार्यालय कक्षों, रिकॉर्ड रूम एवं बैठक हॉल को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता में वृद्धि हो और उन्हें एक बेहतर कार्य वातावरण प्राप्त हो।

नवीनीकृत थाना मसूरी अब एक ऐसे मॉडल थाने के रूप में स्थापित हुआ है जो तकनीक, पारदर्शिता, जन-सहभागिता और संवेदनशील पुलिसिंग का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह पहल गाजियाबाद पुलिस की उस व्यापक योजना का हिस्सा है जिसके अंतर्गत जनपद के सभी थानों का चरणबद्ध तरीके से आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा पुलिस चौकियों को भी हाई-टेक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। यह पुनर्निर्माण न केवल पुलिसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि नागरिकों और पुलिस के बीच विश्वास, सहयोग एवं संवाद को और अधिक मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# खुले सीवर और बदहाल व्यवस्थाओं से वार्ड 58 बेहाल, जनता में उबाल; बड़े हादसे की आशंका बढ़ी






**ब्रज पवार**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विधानसभा क्षेत्र 56 के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 58 में बदहाल नागरिक सुविधाओं को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्र में खुले पड़े सीवर, जर्जर सड़कें और चरमराई सफाई व्यवस्था ने आमजन का जीवन मुश्किलों से भर दिया है। लोगों ने संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। स्थानीय निवासियों के अनुसार वार्ड की कई गलियों और मुख्य मार्गों पर सीवर खुले पड़े हैं, जिन पर सुरक्षा के लिए ढक्कन तक नहीं लगाए गए हैं। इन खुले सीवरों के चलते बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि बीते दिनों कई लोग खुले सीवरों में गिरकर घायल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। क्षेत्र में टूटी सड़कें और जलभराव की समस्या ने हालात को और गंभीर बना दिया है। गंदगी और ठहरे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नियमित सफाई नहीं होने से इलाके में बदबू और गंदगी का माहौल बना रहता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर निगम और संबंधित विभागों में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। लोगों ने विधायक संजीव शर्मा और नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि खुले सीवरों को तत्काल बंद कराया जाए, सफाई व्यवस्था सुधारी जाए और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की होगी।

# गाजियाबाद में बिजली संकट गहराया, अंधेरे में डूबा शहर

## भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग से जनजीवन प्रभावित; अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद। शहर में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई इलाकों में हालात ऐसे हैं कि रातभर बिजली गुल रहने के कारण लोग घरों से बाहर सड़कों और गलियों में बैठने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जर्जर तारों, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों और बार-बार होने वाले फॉल्ट के बावजूद कोई ठोस सुधार नहीं किया जा रहा है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ जाती है। बार-बार शिकायतों के बाद भी केवल अस्थायी मरम्मत कर मामले को टाल दिया जाता है। जनता ने मांग की है कि बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए, जर्जर तारों को बदला जाए, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए तथा अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

# वेवसिटी, कोतवाली नगर एवं खोड़ा में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से तीन अलग-अलग थानों पर पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं। थाना वेवसिटी में सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी श्रीमती प्रियाश्री पाल द्वारा पीस कमेटी की बैठक ली गई। बैठक में क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई।

इसी प्रकार थाना कोतवाली नगर में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर श्रीमती उपासना पाण्डेय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान नगर निगम टीम की भी उपस्थिति रही। बैठक में स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था एवं त्यौहारों के दौरान समन्वय पर चर्चा करते हुए सभी से सहयोग की अपील की गई। वहीं थाना खोड़ा में सहायक पुलिस आयुक्त इन्दिरापुरम श्री अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई।

# शालीमार गार्डन के फ्लैट में दो शव मिलने से सनसनी, संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डीएलएफ भगत सिंह चौक के पास स्थित एक फ्लैट में दो व्यक्तियों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

जानकारी के अनुसार, यह मामला बी-1 एस-2 फ्लैट का है, जहां 70 वर्षीय राकेश शर्मा और 60 वर्षीय भीम सिंह के शव मिले हैं। जैसे ही यह सूचना आसपास के लोगों तक पहुंची, पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए स्थिति को संभाला। डीसीपी धवल जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों शवों पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों व्यक्ति फ्लैट में ही रहते थे। राकेश शर्मा लंबे समय से अस्वस्थ थे और अधिकांश समय बिस्तर पर ही रहते थे, जबकि भीम सिंह उनकी देखभाल का कार्य करते थे। दोनों ही किराए पर टेंपो चलाने का काम भी करते थे, जिससे उनका गुजर-बसर होता था।

फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले को कई पहलुओं से जांच रही है, जिसमें स्वाभाविक मृत्यु, स्वास्थ्य संबंधी कारण, या किसी अन्य संभावित कारणों की भी गहनता से पड़ताल की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वास्तविक स्थिति का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। तब तक पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया तेज कर दी है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।